www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 83 || अम्बेडकरनगर
रविवार
14 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 07:01
अधिकतमः 37.00
न्यूनतमः 28.00



पेज 07

विशेष समाचार | सूचना आयुक्त की नियुक्ति... >>पेज 04 | वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचा... >>पेज 06 | महिलाओं पर भद्दे कमेंट प्रणित...

### योगी बोले-बेटी, बेटी होती है सपा प्रमुख अपने चेलों को समझाएं, वरना हमारे हवाले कर दें

# अखिलेश की बेटी पर गलत टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : योगी

**जनसभा**

तमसा संकेत, एजेंसी

आजमगढ़ । सीएम योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी अदिति पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आजमगढ़ में शनिवार को कहा- बेटी, बेटी होती है और उसका सम्मान होना चाहिए। मैं पिछले दिनों देख रहा था कि सपा प्रमुख की बेटी के खिलाफ कुछ लोगों ने गलत टिप्पणी की थी। मैंने तत्काल पुलिस से कहा कि FIR दर्ज करो। बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम ने कहा-हम तो उस संस्कार में पले-बढ़े हैं, जहां कहा जाता है कि गांव की बेटी सबकी बेटी होती है, गांव की बहन सबकी बहन होती है। हमने कोई भेदभाव नहीं किया। अखिलेश जी दूसरों को उपदेश देते हो, तो अपने चेलों-चपाटों को भी उपदेश दे दो कि अपनी भाषा पर थोड़ा संयम रखें। टिप्पणी करने से पहले खुद भी सोच लिया करें। सीएम योगी ने आजमगढ़ में 955 करोड़ की 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।


>> (शेष पेज 06 पर)



ऋषि-मुनियों की पावन भूमि जनपद आजमगढ़ में आज ₹955 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

डबल इंजन की भाजपा सरकार ने विकास एवं रोजगार के नए अवसर दिए हैं। इसी का परिणाम है कि यहां कारोबार बढ़ा है और आपका परिवार आज सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना जीवन यापन कर रहा हैं।

जनपद वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। - सीएम योगी



**सीएम योगी ने कहा- पहले हर आतंकी घटना में आजमगढ़ का नाम आता था।**

**योगी ने कहा- सपा के लोग बहनों, दिवंगत लोगों, वरिष्ठ नेताओं, बेटियों और बुजुर्गों के प्रति किस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अखिलेशजी उन्हें समझाइए। अगर नहीं समझते हैं, तो हमारे हवाले कर दीजिए, हम उन्हें समझा देंगे।**



### विभाजित करने वाले आपके हितैषी नहीं

सीएम ने कहा- आजमगढ़ वह जिला है, जहां हस्तशिल्प है, कारीगर हैं, अन्नदाता किसान हैं, ऊर्जावान युवा हैं। फिर यह जिला पहचान के लिए क्यों मोहताज हुआ? उस जनपद के सामने पहचान का संकट क्यों खड़ा हुआ? यही प्रश्न लेकर मैं बार-बार आजमगढ़ आता हूं, क्योंकि यह पीड़ा केवल आजमगढ़ की नहीं, बल्कि हम सबकी भी पीड़ा है। जिन्होंने हमें बांटा, जिन्होंने हम सबको विभाजित किया, वे लोग बार-बार आपका समर्थन भी पाते रहे, लेकिन वे आपके हितैषी नहीं हैं।

### 2017 से पहले आजमगढ़ पहचान का मोहताज था

योगी ने कहा- 2017 से पहले के आजमगढ़ को याद कीजिए, जो अपनी पहचान के लिए मोहताज था। तब यहां न विश्वविद्यालय था, न पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे था, न एयरपोर्ट ठीक ढंग से काम कर पा रहा था, न हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय था। तब आजमगढ़ की साड़ी को भी कोई मंच नहीं मिल पा रहा था। >> (शेष पेज 06 पर)

### मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब

नई दिल्ली। भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। DRDO ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को टेस्टिंग की तस्वीरें X अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया।

# योगी ने राममंदिर चढ़ावे की जांच के लिए एसआईटी बनाई

### मंदिर के कर्मचारी के घर 10 लाख मिले, गोबर के ढेर में छिपाए थे

- मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचा है श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पत्र
- तूल पकड़ रहा है राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों रुपये की चोरी का मामला

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ। राम नगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा चोरी होने के प्रकरण में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में है। ट्रस्ट ने चढ़ावा की धनराशि की बड़ी चोरी का पर्दाफाश करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का अनुरोध किया है। ट्रस्ट के अनुरोध पर योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है, जिसमें लखनऊ मंडलायुक्त आईएएस विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज आईपीएस किरन एस व विशेष सचिव वित्त आईएएस नील रतन को शामिल किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ रहा

चढ़ावा चोरी लगातार बढ़ते आरोपों पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया है। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों रुपये की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में पत्र भेजकर चोरी के दावे की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) से कराने का अनुरोध किया है।


### ओमान तट के पास हमला हुआ, 2000 किलोमीटर सफर कर कोच्चि आया

# जिंदा मिसाइल के साथ भारत पहुंचा ऑयल टैंकर


तमसा संकेत, एजेंसी

कोच्चि । इंडियन नेवी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि आए एक ऑयल टैंकर से जिंदा मिसाइल को सुरक्षित निकालकर बड़ा समुद्री हादसा टाल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई को ओमान तट के पास MT ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ था। इस शिप पर मार्शल आइलैंड का झंडा था।

हमले के बाद मिसाइल का वारहेड फटा नहीं, बल्कि टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। टैंकर अरब सागर में करीब 2,000 किलोमीटर का सफर तय करके कोच्चि पहुंचा। >> (शेष पेज 06 पर)



ऑयल टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए मिसाइल फ्यूल टैंक के अंदर जाकर फंस गई थी।



इंडियन नेवी की एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल (EOD) टीम ने मिसाइल बाहर निकाला।

### हमले से तेल रिसा, फिर भी चलता रहा टैंकर

26 मई को इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी एजेंसी रॉयटर्स ने बताया था कि ओमान की राजधानी मस्कट से करीब 1.8 किलोमीटर दूर टैंकर के बाएं हिस्से में पानी के पास धमाका हुआ था। हालांकि टैंकर का कामकाज देखने वाली कंपनी स्प्रिंगफील्ड शिपिंग ने कहा था कि किसी अज्ञात चीज ने टैंकर को टक्कर मारी है। बाद में टैंकर ने अधिकारियों को बताया कि उसके अंदर एक जिंदा मिसाइल वारहेड फंस गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### राजस्थान में रेलवे स्टेशन का शेड उखड़कर ट्रैक पर गिरा

भोपाल/जयपुर। यूपी में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। शनिवार सुबह कानपुर-अयोध्या, उन्नाव समेत 25 शहरों में बारिश हुई। वाराणसी में दोपहर में तूफान आया। इससे होर्डिंग उड़ गई। लखनऊ में तेज आंधी आई।

**बैठक फैसला**

### असम में 18 प्लस उम्र वालों का आधार कार्ड नहीं बनेगा

गुवाहाटी । असम सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए आधार कार्ड के नियम सख्त कर दिए हैं। अब राज्य में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नया आधार कार्ड नहीं मिलेगा। सरकार का कहना है कि इसका मकसद अवैध बांग्लादेशियों को आधार कार्ड हासिल करने से रोकना है।

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। सीएम सरमा ने कहा कि 18 साल से ज्यादा उम्र के किसी व्यक्ति को आधार कार्ड लेने के लिए विशेष मंजूरी लेनी होगी।

### कल्याण बनर्जी बोले- अभिषेक मेरे बेटे जैसे

कोलकाता । TMC के सांसद कल्याण ने यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि अभिषेक बनर्जी मेरे बेटे जैसा है और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का काम होता है। इससे पहले उन्होंने 11 जून को उन्होंने कहा था कि ममता बनर्जी को मुझे या अभिषेक में से किसी एक को चुनना होगा।

# एसआईआर : 30 करोड़ वोटर कार्ड से धुंधले फोटो हटेंगे

### अब मकान नंबर की जगह '00' नहीं लिखा जाएगा, पता दर्ज होगा

**तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर वोटरों की पहचान करने के अंतिम दौर में पहुंच रहा है। अब बचे हुए 39 करोड़ 73 लाख वोटर्स के दरवाजे पर दस्तक देने की तैयारी है।

इस बीच पड़ताल की कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) के बाद मतदाता फोटो पहचान कार्ड यानी एपिक में क्या बड़े बदलाव आए हैं। SIR के बाद अब तक तैयार 59 करोड़ मतदाताओं के फोटो न सिर्फ हाल ही के हैं बल्कि रंगीन भी हैं।

चुनाव आयोग के 9 लाख 20 हजार से ज्यादा बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) ने मोबाइल से वोटरों के फोटो उनके पहचान पत्र के साथ जोड़कर मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाया है। इसके लिए BLO ने कोई फीस नहीं ली।

पहले दौर में बिहार और सेकेंड फेज के 12 राज्यों के वोटर्स की घर-घर जाकर पुष्टि के बाद 59 करोड़ वोटरों के नए पहचान पत्र बने हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)




- पहले कार्ड में फोटो नहीं थे, या फिर बहुत धुंधले

### इनमें राजस्थान, बिहार, यूपी के जवान, तीनों की शादी की बात चल रही थी, लैंडिंग के दौरान हादसा

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश, 5 की मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

जोरहाट । असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। दानिश बिहार के तो खेमाराव राजस्थान के रहने वाले थे। सार्जेंट जितेंद्र यूपी से थे। तीनों की शादी की बात चल रही थी। इस हादसे में एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था।

हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह AN-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



प्लेन के 2 हिस्सों में टूटने के बाद एयरबेस पर इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया।

**न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान की ढुलाई की जरूरतें पूरी की जा सकें।**



### एएन-32 कार्गो प्लेन पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में भी उतरने में सक्षम

भारतीय वायु सेना के पास लगभग 100 एंटोनोव AN-32 टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट विमानों का बेड़ा है। हालांकि IAF ने शुरू में सोवियत मूल के ऐसे 125 प्लेन खरीदे थे, लेकिन अब एक्टिव-ड्यूटी प्लेन की संख्या लगभग 100 रह गई है। AN-32 ने 1980 से IAF की मीडियम-लिफ्ट ट्रांसपोर्ट क्षमताओं की रीढ़ के तौर पर काम किया है। गर्म मौसम और हिमालय जैसे ऊंचे इलाकों में ऑपरेशन के दौरान इसकी मजबूती के कारण इसे काफी अहम माना जाता है।

### यात्रा : 16 महीने बाद दोनों की मुलाकात, जी7 में हिस्सा लेंगे, पीएम स्लोवाकिया के दौरे पर रवाना

# मोदी और ट्रम्प 17 जून को फ्रांस में मिलेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/पेरिस/ब्रातिस्लावा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 17 जून को फ्रांस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस ने शनिवार को बताया कि दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। ट्रम्प और PM मोदी फ्रांस में G7 समिट में हिस्सा लेने वाले हैं।

दोनों नेता 16 महीने बाद पहली बार आमने-सामने होंगे। ट्रम्प से मोदी आखिरी बार फरवरी 2025 को वॉशिंगटन में मिले थे। ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। इस साल अब तक 3 बार, 2 फरवरी, 24 मार्च और 14 अप्रैल को दोनों के बीच फोन पर बात हुई थी। फ्रांस में दोनों नेता व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और वैश्विक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति भी बातचीत का हिस्सा बन सकती है।

>> (शेष पेज 06 पर)



पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रवाना हुए।

### पीएम फ्रांस-स्लोवाकिया की 6 दिनों की यात्रा पर रवाना

PM मोदी शनिवार सुबह फ्रांस और स्लोवाकिया की 6 दिनों की यात्रा पर रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा 13 से 18 जून तक चलेगी। पीएम बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। वे 13-14 जून को फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

PM मोदी स्लोवाकिया में 'इंडिया इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। पीएम 14 जून को स्लोवाकिया रवाना हो जाएंगे। यहां 15 जून तक रुकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रोबर्ट फिको और राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रीनी से मुलाकात करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया के आजाद देश बनने के बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला दौरा है।



2025 में कनाडा में हुए G7 में PM मोदी शामिल हुए थे। लेकिन ट्रम्प समिट बीच में छोड़कर चले गए थे, जिससे दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी थी।

### 15 जून को फ्रांस जाएंगे ट्रम्प

व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, ट्रम्प सोमवार सुबह अमेरिका से रवाना होंगे। दोपहर में G7 समिट में हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे। फ्रांस में ट्रम्प की पहली द्विपक्षीय बैठक फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ होगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

# 'डबल इंजन सरकार का निकल रहा धुआं'

### अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

मैनपुरी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को मैनपुरी में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जबकि किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में बिजली संकट पैदा हो गया है और स्मार्ट मीटरों के जरिए लोगों के बिजली बिल बढ़ा दिए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



- स्मार्ट मीटर, महिला आरक्षण और पीडीए के मुद्दे पर भाजपा को घेरा
- बोले- लोकतंत्र की गरिमा और राजनीतिक शिष्टाचार को भाजपा ने पहुंचाया नुकसान

# अकबरपुर कोतवाली में एक-एक मामले की हुई बारीकी से समीक्षा

# समाधान दिवस में डीएम एसपी का सख्त रुख

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। शनिवार को कोतवाली अकबरपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनसामान्य की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर ही मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर प्रभावी रूप से दिखना चाहिए।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण करना है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। थानों को निर्देशित किया गया है कि हर शिकायत को प्राथमिकता पर लेकर उसका समय से निस्तारण करें और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। समाधान दिवस के दौरान पूर्व में दर्ज शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कई मामलों में अधिकारियों से मौके पर रिपोर्ट तलब की गई और आगे की कार्रवाई तय की गई। कोतवाली अकबरपुर में आयोजित इस समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं।

**कुछ मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े विवाद सामने आने पर दोनों विभागों को संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि समन्वय से मामलों का निस्तारण अधिक प्रभावी और तेज होगा।**



## लंबित मामलों पर कड़ा संदेश

बैठक में लंबित मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया गया। निर्देश दिए गए कि पुराने और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें और पीड़ितों को अनावश्यक रूप से थानों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## शिकायतों पर सीधा संवाद, अधिकारियों ने मौके पर दिए निर्देश

समाधान दिवस में भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई और राजस्व से जुड़े कई मामले सामने आए। डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# प्रवक्ता परीक्षा 2025 आज, 9 केंद्रों पर सख्त निगरानी में होगी परीक्षा

### कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक, डीएम ने कहा-शुचिता और सुरक्षा में नहीं होगी कोई चूक

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों पर प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रा.) परीक्षा-2025 आज आयोजित होगी। परीक्षा सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक कराई जाएगी। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन और आयोग के निर्देशों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सह-नोडल अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), जिला विद्यालय निरीक्षक, आयोग के नामित पर्यवेक्षक, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित कुल 43 अधिकारी और केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान आयोग के सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश, निगरानी और व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान सभी अधिकारी अपने-अपने केंद्रों पर लगातार मौजूद रहें और हर गतिविधि पर नजर रखें।

**फास्ट न्यूज**

## शादी समारोह से लौटी महिला के घर में सेंध

अम्बेडकरनगर। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मदुआना गांव में चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना उस समय हुई जब महिला परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गई थी। पीड़िता मीरा देवी ने पुलिस को बताया कि वह 8 जून को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गई थीं। घर में वह अपने तीन बच्चों के साथ रहती हैं, जबकि पति बाहर रहते हैं।

## दुष्कर्म और पॉक्सो मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर। कोतवाली अकबरपुर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अन्नावा बाजार क्षेत्र से पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाश कई दिनों से की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि मामले में वांछित युवक अन्नावा बाजार में कहीं जाने की फिराक में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे हिरासत में ले लिया।

## टैक्स वसूली जारी, सुविधाएं गायब

अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद जलालपुर की कार्यशैली एक बार फिर चर्चा में है। टैक्सी और साइकिल स्टैंडों से नियमित शुल्क वसूली के बावजूद यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भीषण गर्मी में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और छायादार प्रतीक्षालय की कमी से लोग परेशान हैं। मालीपुर रोड टैक्सी स्टैंड पर वाटर कूलर लगाने के लिए चबूतरा महीनों पहले तैयार किया गया था।

# योग से मोटापे पर प्रहार, पहितीपुर में तीन दिवसीय शिविर शुरू

### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ, साधकों ने लिया हिस्सा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भारतीय योग संस्थान के तहत शहजादपुर पूर्वी क्षेत्र स्थित योग साधना केंद्र पहितीपुर में तीन दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शिविर में जिला मंत्री संदीप श्रीवास्तव ने भारतीय योग संस्थान और उसकी त्रैमासिक पत्रिका योग मंजरी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने "जीओ और जीवन दो", "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "वसुधैव कुटुंबकम्" जैसे मूल सिद्धांतों की जानकारी दी।

उन्होंने मोटापा रोग पर आधारित पुस्तक का भी परिचय कराया, जिसमें कारण, लक्षण और योग आधारित उपचार का विस्तृत विवरण दिया गया है।

संदीप श्रीवास्तव ने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के माध्यम से मोटापा मापने की विधि भी समझाई। साथ ही दैनिक जीवन में आवश्यक सावधानियों और आहार संबंधी सुझावों पर चर्चा की गई। केंद्र प्रमुख हनुमान प्रसाद ने सभी अतिथियों और साधकों का स्वागत किया। शिविर में स्थानीय पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर में ताड़ासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, नौका संचालन आसन, अर्ध उष्ट्रासन, हास्यासन, सर्पासन, गत्यात्मक नौकासन, पाद चक्रासन, बाल क्रीड़ासन और शवासन का अभ्यास कराया गया।



# मोहन कनौजिया मौत प्रकरण में फिर गरमाई सियासत

### हत्या की धारा बढ़ाने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर डीएम-एसपी को सौंपा गया शिकायती पत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के लेहड़ी गांव में मोहन कनौजिया की मौत का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सुभासपा के अनुसूचित जाति युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष सचिन कुमार ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में कार्रवाई पर सवाल उठाए।

शिकायत में कहा गया है कि सात जून को हुए विवाद के बाद मोहन कनौजिया की मौत हुई थी। इसके बावजूद मामले में हत्या के आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज करने के बजाय गैर-इरादतन हत्या की धाराएं लगाई गईं। इसे लेकर पीड़ित पक्ष और सामाजिक संगठनों में असंतोष बना हुआ है।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि मामले में हिरासत में लिए गए तीन आरोपियों को तीन दिन बाद शांतिभंग की कार्रवाई के तहत चालान कर छोड़ दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने इसे गंभीर मामला बताते हुए आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



सात जून को लेहड़ी गांव में तालाब में नहाने को लेकर शुरू हुआ विवाद मोहन कनौजिया की मौत के बाद बड़े घटनाक्रम में बदल गया था। घटना के विरोध में परिजनों ने सड़क जाम किया था। इसके अगले दिन आरोपियों के घरों पर तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई थी, जिसके बाद गांव में अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात करनी पड़ी थी। घटना के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया था। इसी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया। हालांकि अब शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की दोबारा गंभीरता से समीक्षा कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई है।

# मईपुर अग्निकांड के पीड़ितों के बीच पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष

### राहत सामग्री वितरित कर प्रभावित परिवारों का जाना हाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। टांडा तहसील क्षेत्र के हंसवर थाना अंतर्गत मईपुर गांव में हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और राहत सामग्री वितरित की। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व गांव में लगी भीषण आग से कई परिवारों के घर और गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया था। अग्निकांड में गंगाराम राजभर, अच्छेलाल राजभर, राजाराम राजभर, ओमप्रकाश राजभर और बलराम राजभर समेत कई परिवार प्रभावित हुए। पीड़ितों के अनुसार आग में दैनिक उपयोग का अधिकांश सामान और खाद्यान्न भी नष्ट हो गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने राहत सामग्री उपलब्ध कराई और प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया।



उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के आशियाने आग की घटना में प्रभावित हुए हैं, उन्हें आवश्यक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही पात्र परिवारों को आवास योजना से जोड़ने के लिए भी संबंधित स्तर पर पहल की जाएगी।

पीड़ितों से मुलाकात के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक भी मौजूद रहे।

# दहेज की मांग बनी मौत की वजह

### बंद दरवाजों के पीछे खामोशी, सुबह बेड पर मिला रहस्यमय शव

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। कटका थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में दहेज उत्पीड़न का मामला हत्या में बदल गया। विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या के बाद पति और ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका प्रेमशिला (21) की शादी 20 अप्रैल 2026 को विनोद निवासी बहादुरपुर से हुई थी। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही मोटर-साइकिल और 50 हजार रुपये की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। कमरे और आसपास के हिस्सों की बारीकी से जांच की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



प्रेमशीला, मृतक



- बहादुरपुर में विवाहिता की हत्या से हड़कंप
- आत्महत्या का नाटक कर परिवार समेत फरार हुआ पति, घर में मिला शव

## पुलिस पहुंची तो बेड पर मिला शव, शरीर पर चोटों के निशान

रात करीब 1 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर विवाहिता का शव बेड पर पड़ा मिला। चेहरे और शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान पाए गए, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। सुबह मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो गांव में तनाव फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की।

## देर रात घर के भीतर विवाद, पिटाई में गई जान

शुक्रवार देर रात घर के अंदर विवाद बढ़ने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी पक्ष ने डायल 112 पर सूचना देकर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। कुछ ही देर बाद पति विनोद अपने पिता रामलाल और मां धनसीरा के साथ घर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। कटका थाना प्रभारी अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच जारी है और जल्द गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर नारी संघों की पहल

### बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान दिलाने का लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विकासखंड जलालपुर की 12 ग्राम पंचायतों में नारी संघों ने बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का आयोजन जनशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत किया गया। अभियान की शुरुआत "रोटी, खेल, पढ़ाई, प्यार-हर बच्चे का है अधिकार" जैसे नारों के साथ हुई। महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि बच्चों का स्थान कार्यस्थलों पर नहीं, बल्कि विद्यालयों, खेल के मैदानों और सुरक्षित पारिवारिक वातावरण में है।



कार्यक्रम समन्वयक हेमलता ने कहा कि बाल मजदूरी बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि आज भी कई बच्चे दुकानों, ढाबों और अन्य कार्यस्थलों पर काम करते दिखाई देते हैं, जिसे रोकने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल श्रम से जुड़े कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि संविधान का अनुच्छेद 24, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को खतरनाक कार्यों में नियोजित करने पर रोक लगाता है। वहीं बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। जनशिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने कहा कि बाल श्रम केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय से जुड़ा विषय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाल श्रम की सूचना संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। कार्यक्रम में नारी संघ की लीडर गीता, मंजू, सुनीता, वंदना समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि हर बच्चे को शिक्षा का अवसर मिले और बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए।

# विश्व रक्तदाता दिवस से पहले उमड़ा सेवा का जज्बा

### आरम्भ फाउंडेशन के शिविर में 33 ने किया रक्तदान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर/अतरौलिया। विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर आरम्भ फाउंडेशन की ओर से नगर पंचायत अतरौलिया स्थित दयानंद विद्या बाल मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 39 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 33 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए सहयोग का संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हम्मीर सिंह, प्रिंश सिंह मोंटी, राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या के अध्यक्ष आकाश गुप्ता 'ब्लडमैन' तथा आरम्भ फाउंडेशन की संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक संध्या सिंह 'समीप' ने किया।

शिविर में युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। रक्तदान के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे। पूरे दिन रक्तदाताओं के पंजीकरण और रक्तदान की प्रक्रिया जारी रही।




मुख्य अतिथियों ने रक्तदान को मानव जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए नियमित रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी समय किसी भी व्यक्ति को पड़ सकती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए बड़ी सेवा है। शिविर का संचालन आरम्भ फाउंडेशन के आजमगढ़ जिलाध्यक्ष मनीष सोनी के नेतृत्व में किया गया।

**राहत : 3,500 लाभार्थियों की सूची तैयार, शेष परिवारों को भी जल्द मिलेगी राशि**

# पक्के घर की राह में बड़ी प्रगति

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत जिले में पक्के घर का सपना देख रहे हजारों परिवारों के लिए राहत की खबर है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की ओर से चयनित लाभार्थियों में से 500 लोगों के बैंक खातों में पहली किस्त भेज दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार, योजना के दूसरे चरण में करीब 3,500 पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की गई है। इनमें से शेष लगभग 3,000 लाभार्थियों को भी जल्द किस्त जारी किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

डूडा के माध्यम से चलाई जा रही इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और आवासहीन परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। योजना के जरिए लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार लाने पर जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को निर्माण कार्य शुरू करने के लिए चरणबद्ध तरीके से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत लाभार्थियों को आवास निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने और धनराशि का सही उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त प्राप्त करने के 12 माह के भीतर निर्माण पूरा करने पर 10 हजार रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।




## 27,800 आवेदन, जांच के बाद बनी पात्रों की सूची

योजना के तहत नगरपालिका अकबरपुर, जलालपुर, टांडा तथा नगर पंचायत किछौछा, इल्तिफातगंज, जहांगीरगंज और राजेसुल्तानपुर से कुल 27,800 लोगों ने आवेदन किया था। तहसील प्रशासन और डूडा की संयुक्त जांच के बाद लगभग 3,500 आवेदकों को पात्र पाया गया। इसके बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर लखनऊ निदेशालय को भेजी गई थी।

**डूडा के प्रभारी परियोजना अधिकारी विशाल सारस्वत ने बताया कि 500 लाभार्थियों को पहली किस्त जारी कर दी गई है। शेष पात्र परिवारों के खातों में भी जल्द राशि भेजी जाएगी। साथ ही बाकी आवेदनों का सत्यापन कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।**

# नूरुल उलूम मदरसे में दस्तारबंदी जलसा, नौ हाफिजों को मिला सम्मान

### इशा नमाज के बाद धार्मिक माहौल में हुआ भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। तहसील जलालपुर के सम्मनपुर क्षेत्र स्थित मदरसा अरबिया नूरुल उलूम में गुरुवार शाम इशा नमाज के बाद जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरआन मुकम्मल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

लसे की शुरुआत कारी मसूद अहमद ने कुरआन की तिलावत से की। इसके बाद पूरे कार्यक्रम में धार्मिक माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नौ छात्रों की दस्तारबंदी की गई। इनमें हाफिज मो. आरिफ, हाफिज मो. अरबाज, हाफिज मो. तौसीफ, हाफिज मो. शोएब, हाफिज मो. जीशान, हाफिज अबूउबैदा, हाफिज मो. आदिल और हाफिज उबैदुररहमान शामिल रहे। सभी को मौलाना सैयद मो. अजहर मदनी ने दस्तार बांधकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मौलाना सैयद मो. अजहर मदनी ने कहा कि मदरसे धार्मिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि कुरआन की तालीम समाज में शांति और जागरूकता का संदेश देती है।



कार्यक्रम की सदारत मौलाना अब्दुल रशीद ने की। उन्होंने कहा कि कुरआन की तिलावत से जीवन में सुकून और सही दिशा मिलती है।

कार्यक्रम में कारी मोहम्मद अफजाल, कारी आफाक आलम, मौलाना तौफीक अहमद और मुफ्ती मोहम्मद शमीम सहित कई उलेमा-ए-किराम ने विचार रखे।

## सम्पादकीय

# टीएमसी के कितने टुकड़े



तृणमूल कांग्रेस के 19 सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को पत्र भेजकर जिस तरह यह दावा किया कि असली टीएमसी हम ही हैं, उससे इस पर एक तरह से मुहर ही लगी कि इस दल के विधायकों की तरह लोकसभा सदस्यों में भी टूट की औपचारिकता मात्र शेष है। टीएमसी के राज्यसभा सदस्य भी छिटक रहे हैं। अब तक उसके तीन राज्यसभा सदस्य त्यागपत्र दे चुके हैं। आने वाले दिनों में उनकी संख्या और बढ़े तो हैरानी नहीं।

चुनावों में हार के बाद आम तौर पर राजनीतिक दलों की मुश्किलें बढ़ती ही हैं, लेकिन यह पहली बार हो रहा है कि पराजय के उपरांत किसी दल का अस्तित्व ही खत्म होता दिख रहा है। इसमें संदेह है कि ममता बनर्जी अपनी पार्टी बचा सकेंगी, क्योंकि उनके पास बहुत कम विधायक और सांसद बचे हैं। इनमें से चंद ही खुलकर यह कह रहे हैं कि वे ममता के साथ हैं।

इनमें भी कुछ ऐसे हैं, जो यह कह रहे हैं कि उन्हें ममता का नेतृत्व तो स्वीकार है, लेकिन उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी का नहीं। ममता के प्रबल समर्थक के रूप में सामने आए लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी ने यह कहकर एक तरह से अल्टीमेटम ही दिया कि उन्हें पार्टी और अभिषेक में से किसी एक का चयन करना होगा।

टीएमसी केवल दो टुकड़ों में ही बंटती नहीं दिख रही है। उसके कई टुकड़े हो सकते हैं, क्योंकि लोकसभा में बगावत का नेतृत्व करने वाली टीएमसी सांसद काकोली घोष कह रही हैं कि उन्हें बागी विधायकों के नेता ऋतब्रत बनर्जी से कोई लेना-देना नहीं। जहां ऋतब्रत विधानसभा में विपक्ष की भूमिका निभाने को कह रहे हैं, वहीं काकोली मोदी सरकार का साथ देने की घोषणा कर रही हैं।

यह समय ही बताएगा कि टीएमसी का क्या होगा, लेकिन पार्टी में बिखराव के लिए ममता बनर्जी अपने अलावा और किसी को दोष नहीं दे सकतीं। उनका दोष केवल इतना ही नहीं कि वे मनमाने तरीके से सरकार चला रही थीं, बल्कि यह भी है कि उन्होंने पार्टी पर भतीजे अभिषेक पर थोप दिया था। वे किसी रियासत के अहंकारी युवराज की तरह पार्टी चला रहे थे। टीएमसी पहली पार्टी नहीं, जिसमें भाई-भतीजावाद हावी हो गया हो। अधिकतर क्षेत्रीय दल ऐसे ही हैं। वे परिवार विशेष से संचालित होते हैं और उसके आगे किसी की नहीं चलती।

ऐसे दलों में न तो आंतरिक लोकतंत्र होता है और न ही असहमति के लिए कोई स्थान। इन दलों में वही होता है, जो परिवार चाहता है। टीएमसी में भी वही हो रहा था, जो ममता और अभिषेक चाह रहे थे। विचारधाराविहीन यह दल तभी तक अपने नेताओं को अपने साथ जोड़े रखने में समर्थ रहा, जब तक उसके पास सत्ता रही। सत्ता मिलने की आस, सत्ता और उससे मिलने वाले लाभ ही पार्टी को एकजुट रखने वाले मूल तत्व थे। इनके हटते ही पार्टी में भगदड़ मच गई।

# सूचना आयुक्त की नियुक्ति

## लोकतंत्र की पारदर्शिता का प्रहरी या राजनीतिक उपकार का माध्यम?

"सूचना का अधिकार अधिनियम स्पष्ट रूप से कहता है कि सूचना आयुक्त ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो सार्वजनिक जीवन में प्रतिष्ठित हो तथा विधि, पत्रकारिता, समाज सेवा, प्रशासन, शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जनसंचार अथवा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और अनुभव रखता हो।




लोकतंत्र केवल चुनावों से संचालित होने वाली व्यवस्था नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता की भागीदारी, शासन की पारदर्शिता, प्रशासन की जवाबदेही और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में निहित होती है। यदि जनता को सरकार से प्रश्न पूछने का अधिकार न हो, यदि सरकारी निर्णयों और खर्चों की जानकारी आम नागरिक तक न पहुंचे, यदि सत्ता के गलियारों में लिए जा रहे फैसले जनता की निगाहों से दूर रहने लगें, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे केवल औपचारिक व्यवस्था बनकर रह जाता है। इसी खतरे को दूर करने और जनता को शासन का वास्तविक भागीदार बनाने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अस्तित्व में आया था। सूचना का अधिकार कानून को स्वतंत्र हिंदुस्तान के सबसे क्रांतिकारी कानूनों में से एक माना जाता है। इस कानून ने पहली बार आम नागरिक को यह अधिकार दिया कि वह सरकार, प्रशासन, सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं से जानकारी मांग सके। यह केवल सूचना प्राप्त करने का अधिकार नहीं था, बल्कि सत्ता से जवाब मांगने का अधिकार था। यही कारण है कि आरटीआई को लोकतंत्र की आंख, कान और आवाज कहा जाता है।

झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में राज्य सूचना आयोग में चार नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना के अनुसार अनुज कुमार सिन्हा, तरुण खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और शिवपूजन पाठक को झारखंड राज्य सूचना आयोग का सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। पहली नजर में यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया प्रतीत हो सकती है लेकिन लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों के दृष्टिकोण से यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है। सूचना आयोग कोई साधारण सरकारी कार्यालय नहीं है। यह वह संस्था है जहां नागरिक तब पहुंचता है जब उसे सूचना देने से मना कर दिया जाता है, जब उसकी अपीलों को अनसुना कर दिया जाता है, जब सरकारी विभाग कानून की अनदेखी करते हैं और जब उसे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अंतिम मंच की आवश्यकता होती है। इसलिए सूचना आयुक्त का पद केवल सम्मान का पद नहीं, बल्कि अत्यंत जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का पद है। कानून बनाने वालों की मंशा साफ थी कि सूचना आयोग में ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति हो जिनकी निष्पक्षता पर कोई प्रश्नचिह्न न हो और जो नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम हों। यहीं से सबसे महत्वपूर्ण बहस आरंभ होती है। क्या केवल कानूनी पात्रता पर्याप्त है? क्या किसी व्यक्ति का सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होना ही उसे सूचना आयुक्त बनने योग्य बना देता है? क्या सूचना आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में नियुक्ति के लिए पारदर्शी चयन प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि जिन लोगों को लोकतंत्र की पारदर्शिता का प्रहरी बनाया जा रहा है, उनका अनुभव, योगदान और उपलब्धियां क्या हैं? देश के अनेक राज्यों में समय-समय पर सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों को लेकर विवाद होते रहे हैं। कई बार आरोप लगे कि नियुक्तियां योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि राजनीतिक समीकरणों के आधार पर की गईं। कई मामलों में अदालतों ने भी नियुक्ति प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए। इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि चयन प्रक्रिया आम जनता से लगभग पूरी तरह दूर रहती है। नाम कैसे चुने गए, किन लोगों ने आवेदन किया, किन मापदंडों के आधार पर चयन हुआ—इन प्रश्नों के उत्तर अक्सर सार्वजनिक नहीं होते। झारखंड में हुई नई नियुक्तियों के बाद भी स्वाभाविक रूप से यही प्रश्न उठ रहे हैं। यह किसी व्यक्ति विशेष का विरोध नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ सवाल है। लोकतंत्र में केवल निष्पक्ष होना पर्याप्त नहीं होता, निष्पक्ष दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक होता है। यदि नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी होगी तो जनता का विश्वास स्वतः बढ़ेगा। आज सूचना आयोगों के सामने सबसे बड़ी चुनौती लंबित मामलों का पहाड़ है। देश के अनेक राज्यों में हजारों अपीलें वर्षों से लंबित हैं। कई मामलों में सूचना मांगने वाला व्यक्ति न्याय मिलने से पहले ही थक जाता है। कभी-कभी तो जिस सूचना के लिए अपील की गई होती है, उसका महत्व ही समाप्त हो जाता है क्योंकि निर्णय आने में अत्यधिक विलंब हो जाता है। सूचना का अधिकार तभी सार्थक है जब सूचना समय पर मिले। वर्षों बाद प्राप्त सूचना लोकतांत्रिक अधिकार नहीं बल्कि प्रशासनिक औपचारिकता बनकर रह जाती है। झारखंड राज्य सूचना आयोग के सामने भी यही चुनौती मौजूद है। नई नियुक्तियों के बाद जनता की अपेक्षा है कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा होगा, आयोग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और नागरिकों को समयबद्ध न्याय मिलेगा। लेकिन यह तभी संभव है जब आयोग केवल औपचारिक संस्था न बनकर सक्रिय और प्रभावी संस्था के रूप में कार्य करे।

यह भी याद रखना होगा कि सूचना का अधिकार केवल भ्रष्टाचार उजागर करने का माध्यम नहीं है। यह गरीबों के अधिकारों की रक्षा का भी सबसे प्रभावी हथियार है। पेंशन नहीं मिलने पर, राशन में गड़बड़ी होने पर, सड़क निर्माण में अनियमितता होने पर, आवास योजना में भ्रष्टाचार होने पर या किसी सरकारी लाभ से वंचित किए जाने पर सबसे पहले आम नागरिक आरटीआई का सहारा लेता है। ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों लोगों ने सूचना के अधिकार के माध्यम से अपने अधिकार प्राप्त किए हैं। इसलिए सूचना आयोग की मजबूती सीधे तौर पर गरीब और आम नागरिक की मजबूती से जुड़ी हुई है। लोकतंत्र में सत्ता की वास्तविक परीक्षा तब होती है जब वह अपने बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने को तैयार रहती है। जो सरकारें सूचना देने से डरती हैं, वे अंततः जनता का विश्वास खो देती हैं। इसके विपरीत जो सरकारें पारदर्शिता को स्वीकार करती हैं, वे जनता के साथ मजबूत संबंध स्थापित करती हैं। सूचना आयोग इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति केवल संवैधानिक औपचारिकता बनकर न रह जाए। चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। उम्मीदवारों की योग्यता और अनुभव सार्वजनिक किए जाएं। नागरिक समाज, आरटीआई कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों की राय को महत्व दिया जाए। ऐसा करने से न केवल नियुक्तियों की विश्वसनीयता बढ़ेगी बल्कि सूचना आयोगों की स्वतंत्रता भी मजबूत होगी।

**अशोक कुमार झा**

# मन की पवित्रता और एकाग्रता सुख प्रदाता

आदमी के जीवन यात्रा को अच्छा बनाने में कुछ सहायक तत्व भी होते है व बाधक तत्व भी होते हैं। वह जिसमें क्रोध, मान, माया, लोभ बाधक हैं । ज्ञानी गुरु भगवंत फ़रमाते हैं की कभी किसी प्रकार का अहंकार न करे । ज्ञानी हैं तो ज्ञान का दिखावा व प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। वह अपने ज्ञान के बारे में कुछ कहने बताने का मौका आये तो मौन रहें व शक्तिशाली होने पर भी क्षमाशील रहे। समय-समय पर विवेकशील रहे । मन एक बैलगाम का घोड़ा हैं जो अश्व की तरह दौड़ता रहता हैं। यह कभी - कभी एकाग्र भी होता हैं किन्तु इसकी चंचलता भी रहती हैं । दसवें अधिशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने माघ शुक्ला दसमी को दीक्षा ली । आचार्य श्री कालूगणि के हाथों एक अल्पवय के बालक की दीक्षा हुई। वि. सं. 2087 को उनके दीक्षा के सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे । आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने बाल्यावस्था में ही साधुत्व स्वीकार कर लिया था । आचार्य श्री का आयुष्य बहुत लंबा था । वह उन्होंने अंतिम सांस तक संयम का पालन किया था । उनका अखंड संयम जीवन रहा जो एक बड़ी उपलब्धि हैं । आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी प्रेक्षाध्यान करवाते थे जिससे कि मन की चंचलता कम हों सकें । मैं कौन हूं ,की कभी संभाल नहीं हैं । वह क्या मेरा अस्तित्त्व है ?कितनी मेरी शक्ति? यह सही से अनुमान नहीं हैं । मैं मैं करते करते सारा काल बीत गया। हम अपने आप से कितने अनजान हैं । इसीलिए परेशान रहते हैं ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## राजस्थान के हनुमानगढ़...

अमरपाल सिंह वर्मा0

# कस्बों के अच्छे अस्पताल दबाव में क्यों है?

देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से काम करने के लिए बनाई गई है। इसके तहत गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्बों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिलों में बड़े अस्पतालों और उसके बाद मेडिकल कॉलेज तथा बड़े चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्था की गई है लेकिन यह व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जा सकती है जब इसकी हर कड़ी अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभा रही हो। मरीज को उसकी जरूरत के अनुसार सबसे नजदीकी स्तर पर उपचार मिले और केवल आवश्यकता पडने पर ही उसे अगले स्तर पर भेजा जाए।

लेकिन क्या व्यवहार में यह व्यवस्था हमेशा इतनी संतुलित दिखाई देती है? विभिन्न रिपोर्टों से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों, विशेषज्ञों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के अनेक पद रिक्त हैं। दूसरी ओर आबादी बढ़ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में कई बार किसी एक अस्पताल पर उसकी क्षमता से कहीं अधिक दबाव आ जाता है।

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के लगभग चालीस हजार आबादी वाले कस्बे संगरिया के सरकारी अस्पताल को देखकर इस तस्वीर को समझ सकते हैं। संगरिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उन सरकारी अस्पतालों में शामिल है जिन्हें देखकर निराशा नहीं बल्कि आश्वस्त हुआ जा सकता है। यहां डॉक्टरों के कुछ पद रिक्त हैं। नर्सिंग स्टाफ भी स्वीकृत संख्या से कम है। इसके बावजूद अस्पताल में प्रवेश करते ही जो चीज सबसे पहले ध्यान खींचती है, वह है व्यवस्था।



अस्पताल परिसर साफ-सुथरा दिखाई देता है। जहां लोग पर्ची बनवाने के लिए एकत्र होते हैं, वहां छाया की व्यवस्था है। डॉक्टर से मिलने के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती है लेकिन वह प्रतीक्षा किसी दमघोंटू वातावरण या अव्यवस्था के बीच नहीं होती। कार्यरत चिकित्सक मरीजों से बात करते हैं, उनकी समस्या सुनते हैं और उपचार बताते हैं। यदि किसी जांच की आवश्यकता होती है तो डायग्नोस्टिक लैब में उसकी व्यवस्था उपलब्ध है। दवा वितरण काउंटर पर फार्मासिस्ट मरीजों को दवाओं के उपयोग के बारे में समझाने का प्रयास करते हैं। सरकारी अस्पतालों के बारे में प्रचलित धारणाओं के बीच यह अनुभव सुखद कहा जा सकता है लेकिन इस अस्पताल की कहानी का दूसरा पक्ष भी है। तीन-चार वर्ष पहले इस अस्पताल की दैनिक ओपीडी 1000 मरीजों तक पहुंच गई थी। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का दबाव केवल डॉक्टरों और कर्मचारियों पर ही नहीं पड़ता बल्कि इससे तनाव, बहस और कई बार टकराव जैसी स्थितियां भी पैदा होती हैं। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार जब इस असामान्य भीड़ के कारणों को समझने का प्रयास किया गया तो कुछ तथ्य सामने आए। पता चला कि ओपीडी में आने वालों में ऐसे लोगों की संख्या भी थी जो नशे के लिए इस्तेमाल की जा सकने वाली कुछ दवाएं प्राप्त करने के उद्देश्य से बार-बार अस्पताल आते थे। कई बार वे अपने लक्षण इस तरह बताते थे कि उन्हें वांछित दवा लिखी जा सके। कुछ लोग यह कहकर भी दवा लेने की कोशिश करते थे कि वे किसी पड़ोसी या रिश्तेदार के लिए दवा लेने आए हैं। धीरे-धीरे ऐसे मामलों की पहचान की गई और अनावश्यक दवा वितरण पर नियंत्रण की कोशिश हुई। इसके बाद ओपीडी का आंकड़ा घटकर लगभग पांच-छह सौ मरीज प्रतिदिन पर आ गया लेकिन सवाल यह है कि छह सौ मरीज प्रतिदिन भी क्या कम हैं? संगरिया ब्लॉक में आसपास एक दर्जन से अधिक गांव ऐसे हैं जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इसके बावजूद वहां से बड़ी संख्या में लोग सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच रहे हैं। बड़ा सवाल है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इस बारे में गांवों में अलग-अलग बातें सुनने को मिलती हैं। कोई कहता है कि गांव में डॉक्टर मिलते नहीं। कोई कहता है कि गांव में डॉक्टर तैनात तो हैं लेकिन नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। कुछ लोग बताते हैं कि कई जगह फार्मासिस्ट ही मरीजों को देखते हैं और दवाइयां भी देते हैं। कुछ ग्रामीणों की शिकायत है कि साधारण खांसी-बुखार या सामान्य जांच के मामलों में भी उन्हें संगरिया भेज दिया जाता है। कुछ लोगों का कहना है कि गांवों से एक्स-रे या अन्य जांच के नाम पर मरीजों को सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर संगरिया में रेफर कर दिया जाता है।

# उत्तर प्रदेश की कॉक्लियर इम्प्लांट योजना ने बदला जौनपुर की मासूम आयत का जीवन

कहते हैं कि जब मानवीय संवेदना, सही समय पर सही उपचार और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां एक साथ मिल जाएं, तो जीवन की कठिन से कठिन चुनौती भी एक सुंदर अवसर में बदल जाती है। कुछ ऐसा ही भावुक और जीवन को नई दिशा देने वाला उदाहरण प्रस्तुत किया है जौनपुर जनपद के केराकत तहसील, चंदवक थाना अंतर्गत ग्राम मढ़ी निवासी चार वर्षीय मासूम आयत शेख ने। जन्म से ही पूरी तरह मूक-बधिर रही इस बच्ची के जीवन में उत्तर प्रदेश सरकार की श्कॉक्लियर इम्प्लांट योजनाश् ने न सिर्फ एक नई रोशनी और उम्मीद का संचार किया है, बल्कि उसके पूरे परिवार को खुशियों की एक ऐसी दुनिया सौंपी है जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। आज आयत के चेहरे की मुस्कान और उसके होठों से निकलने वाले शब्द उत्तर प्रदेश सरकार की इस संवेदनशील पहल की सफलता की जीवंत कहानी बयां कर रहे हैं। आयत शेख जब इस दुनिया में आई, तो माता-पिता की खुशियों का ठिकाना नहीं था, लेकिन समय बीतने के साथ ही परिवार को एक गहरे सदमे का सामना करना पड़ा। माता-पिता ने महसूस किया कि उनकी लाडली न तो अपने आसपास की आवाजों पर कोई प्रतिक्रिया देती है और न ही बच्चों की तरह तुतलाकर कुछ बोलने का प्रयास करती है। चिकित्सीय जांच के बाद यह कड़वा सच सामने आया कि आयत जन्म से ही गंभीर रूप से श्रवण बाधित है। वह सन्नाटे की एक ऐसी दुनिया में कैद थी जहां न तो मां की ममता भरी पुकार पहुंच सकती थी और न ही पिता का दुलार। परिवार के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक और हृदयविदारक थी। माता-पिता अपनी मासूम बेटी के भविष्य को लेकर दिन-रात निरंतर चिंतित रहते थे। एक सामान्य जीवन जीना, स्कूल जाना और समाज की मुख्यधारा में शामिल होना आयत के लिए एक असंभव सपना प्रतीत हो रहा था। श्रवणवादिता से पीड़ित बच्चों के लिए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में श्कॉक्लियर इम्प्लांटश् एक वरदान की तरह है। यह एक अत्यंत परिष्कृत और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो सामान्य हियरिंग एड से बिल्कुल अलग होता है। सामान्य हियरिंग एड जहां केवल आवाज की तीव्रता को बढ़ाता है, वहीं कॉक्लियर इम्प्लांट कान के क्षतिग्रस्त हिस्सों को पूरी तरह बायपास करके सीधे श्रवण तंत्रिका को उत्तेजित करता है, जिससे मस्तिष्क तक ध्वनि के संकेत पहुंचने लगते हैं। हालांकि, यह तकनीक जितनी आधुनिक और प्रभावी है, इसकी प्रक्रिया और सर्जरी उतनी ही खर्चीली है। इस पूरी सर्जरी, उपकरण की लागत और उसके बाद महीनों तक चलने वाली अनिवार्य स्पीच थेरेपी का कुल खर्च लगभग 6 से 7 लाख रुपये या उससे भी अधिक आता है। जौनपुर के ग्रामीण परिवेश में रहने वाले एक मध्यमवर्गीय या गरीब परिवार के लिए इतनी बड़ी धनराशि का प्रबंध करना पूरी तरह असंभव था। इसी निराशा के बीच,आयत के परिवार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एक मसीहा और रक्षक बनकर सामने आया। परिवार को विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही श्कॉक्लियर इम्प्लांट योजनाश् की जानकारी प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना राज्य के गरीब परिवारों के उन मूक-बधिर बच्चों के लिए एक संजीवनी है, जो धन के अभाव में इस महंगे इलाज से वंचित रह जाते हैं। सरकार इस योजना के अंतर्गत चिन्हित और पात्र बच्चों के कॉक्लियर इम्प्लांट हेतु शत-प्रतिशत निःशुल्क वित्तीय सहायता प्रदान करती है ताकि बचपन में ही बहरेपन का इलाज कर बच्चों को एक विकलांगता मुक्त और सम्मानजनक जीवन दिया जा सके।

## जरा हटके

## देश की सबसे बड़ी ...

धर्मवीर खरे

# उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति का नया अध्याय: ए.आई. फॉर ऑल से संवरेगा युवाओं का भविष्य



सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक विज्ञान के इस दौर में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेशभर में श्।प् वित ।ससश् (सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रोग्राम को लागू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (न्च्ैक्ड) द्वारा वैश्विक आईटी दिग्गज 'ओरेकल यूनिवर्सिटी' (व्तंबसम न्दपअमतेपजल) के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम राज्य के हर नागरिक को मुफ्त में एआई ( ।प्) का प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दे रहा है। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गांव-गांव, कस्बे और शहरों के युवाओं को भविष्य की सबसे अधिक मांग वाली तकनीक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ना है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि डिजिटल भारत के सशक्त निर्माण के लिए हर नागरिक को तकनीकी रूप से साक्षर होना अनिवार्य है। यह कार्यक्रम सिर्फ एक प्रशिक्षण सत्र नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी 'डिजिटल और एआई हब' बनाने की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है।

इस बेहद महत्वपूर्ण और भविष्योन्मुखी कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 13 अप्रैल, 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित एक भव्य 'वृहद रोजगार मेले' के दौरान किया गया था। मुजफ्फरनगर की धरती से शुरू हुआ यह अभियान अब उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। शुरुआती चरणों में इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, कामकाजी पेशेवरों और यहां तक कि आम गृहणियों और छोटे दुकानदारों ने भी इस कोर्स में गहरी रुचि दिखाई है। सरकार की इस पहल को वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल यूनिवर्सिटी का तकनीकी सहयोग प्राप्त है, जिससे इस पाठ्यक्रम की गुणवत्ता और विश्वसनीयता वैश्विक स्तर की हो जाती है। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से रोजगार और उद्योगों का स्वरूप बदल रहा है। आज दुनिया के हर क्षेत्र में-चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कृषि हो या विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग)-एआई का दखल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार का मुख्य ध्येय है कि उत्तर प्रदेश का युवा इस तकनीकी बदलाव में पीछे न छूटे। युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी कौशल से भी लैस किया जा रहा है ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और रोजगार के नए अवसरों को हासिल कर सकें। इसी क्रम में सभी जनपदों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किये जा रहे है, ताकि गांव, कस्बों और शहरी क्षेत्रों के अधिकाधिक युवा इस निःशुल्क प्रशिक्षण से जुड़ सकें। ए.आई. के प्रशिक्षण कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसका सरल, सुलभ और संक्षिप्त होना है। इस कोर्स को '।प् वित ल्वनरू ट्रेनिंग एंड असेसमेंट' नाम दिया गया है, जो मात्र 3 घंटे की अवधि का है। व्यस्त दिनचर्या के बीच कोई भी व्यक्ति इसे आसानी से पूरा कर सकता है। इस पाठ्यक्रम को पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम पर डिजाइन किया गया है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को किसी संस्थान या कोचिंग सेंटर के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। लोग अपने घर, कॉलेज या कॉमन सर्विस सेंटर (ब्ैब्) पर बैठकर अपने मोबाइल या लैपटॉप के जरिए इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर सकते हैं। 3 घंटे का ऑनलाइन वीडियो और स्टडी मटेरियल का मॉड्यूल पूरा करने के बाद अभ्यर्थियों को एक ऑनलाइन मूल्यांकन (असेसमेंट) परीक्षा से गुजरना होता है। इस परीक्षा में सफल होने वाले सभी प्रतिभागियों को ओरेकल यूनिवर्सिटी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से संयुक्त रूप से एक प्रामाणिक डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है, जो उनके बायोडाटा (सीवी) को मजबूत करेगा और भविष्य में नौकरी/रोजगार के अवसरों में उन्हें प्राथमिकता दिलाएगा। प्रदेश सरकार इस प्रोग्राम को 'जन-जन की तकनीक' बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रदेश की विशाल आबादी को देखते हुए इस कार्यक्रम को हर स्तर पर सुचारू रूप से चलाने के लिए माइक्रो-प्लानिंग की गई है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन निदेशालय द्वारा प्रदेश की सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों (क्च्डन्) को लक्ष्य दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई (प्ज्प्), पॉलिटेक्निक संस्थानों और कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करायें। प्रदेश सरकार विशेष रूप से उन युवाओं पर अधिक फोकस कर रही है, जो आर्थिक तंगहाली के कारण महंगे तकनीकी कोर्स नहीं कर पाते हैं। ओरेकल यूनिवर्सिटी जैसी विश्व प्रसिद्ध संस्था से मुफ्त में सीखने का यह अवसर उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित होगा।

देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के युवाओं के पास एआई का बुनियादी ज्ञान होगा, तो वे वैश्विक जॉब मार्केट में नहीं पिछड़ेंगे। श्।प् वित ।ससश् के तहत सिखाए जाने वाले मुख्य बिंदुओं में एआई की बुनियादी समझ, मशीन लर्निंग, डेटा का महत्व, दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता जैसे चौटबॉट्स, वॉयस असिस्टेंस (जैसे एलेक्सा, सिरी), और सर्च इंजन के पीछे काम करने वाली तकनीक के साथ-साथ एआई तकनीक का सही, सुरक्षित और नैतिक इस्तेमाल शामिल है।

## सीआरपीएफ का दरोगा फरार, बंधक बना मारपीट कर 5 लाख लूटे थे

# यूपी पुलिस के सिपाही सहित चार गिरफ्तार

**शिकंजा**



तस्वीर में बाएं से जावेद हुसैन, आसिफ, प्रवेश त्रिपाठी और चिनहट कोतवाली का सिपाही पूरन सिंह है।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में यूपी पुलिस के 1 सिपाही सहित 4 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर आरोप हैं कि निवेश का झांसा देकर इन्होंने 2 लोगों को लूट लिया था। दोनों को प्राइवेट कंपनी में निवेश के लिए बुलाया था। उसके बाद बंधक बनाकर उनसे 5 लाख रुपए छीन लिए। विरोध करने पर मारपीट भी की। आरोपियों के साथ CRPF का एक दरोगा और एक अन्य व्यक्ति भी था, जो अभी फरार है।

पुलिस के मुताबिक, वृंदावन कॉलोनी निवासी प्रभाकर सिंह की



डीसीपी ईस्ट दीक्षा शर्मा ने गिरफ्तारी की जानकारी दी।

तहरीर पर 11 जून को चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें प्रभाकर ने आरोप लगाया गया था कि उनके भाई दिवाकर सिंह और उनके मित्र अनूप शुक्ला को एक कंपनी में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच दिया गया था। उसके बाद जब निवेश के लिए पैसे लेकर गए तो उनसे पैसे लेकर मारपीट की गई। डीसीपी ईस्ट दीक्षा शर्मा ने बताया कि यूपी पुलिस का सिपाही पूरन सिंह इस समय चिनहट कोतवाली में तैनात है। इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार दरोगा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। साथ ही अन्य जिलों और इकाइयों से आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

- गिरफ्तार आरोपियों में गोरखपुर निवासी जावेद हुसैन और आसिफ, संतकबीरनगर निवासी प्रवेश त्रिपाठी और राजस्थान निवासी पूरन सिंह शामिल हैं। सभी को हरदासीखेड़ा नहर पुलिया के पास से 12 जून की रात गिरफ्तार किया गया।

### खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डराते-धमकाते थे

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एक सिंडिकेट के रूप में काम करते थे। लोगों को निवेश के नाम पर बुलाकर खुद को पुलिस की विभिन्न शाखाओं का अधिकारी बताकर डराते-धमकाते थे और उनसे पैसे ऐंठते थे। कई बार लूटपाट भी करते थे। डीसीपी ईस्ट दीक्षा शर्मा ने बताया कि मामले की जांच के दौरान CRPF दरोगा का नाम जय प्रकाश यादव की संलिप्तता सामने आई। वह अभी फरार चल रहा है। दरोगा सहित एक अन्य आरोपी आनंद दुबे भी इस मामले में नामजद किया गया था।

# शादी के बाद पहली बार शूटिंग करेंगी यामिनी सिंह

## लखनऊ में भोजपुरी फिल्म 'भाग्य से मिलले भईया हमार' का मुहूर्त

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा में पारिवारिक और साफ-सुथरी फिल्मों का निर्माण करने वाली ज़िया इन् फोकस फिल्म क्रिएशन ने अपनी नई भोजपुरी फिल्म 'भाग्य से मिलले भईया हमार' का मुहूर्त लखनऊ में किया। विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया गया। समारोह में कलाकारों, निर्माताओं और फिल्म जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री यामिनी सिंह और जाने-माने अभिनेता मनोज टाइगर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं अभिनव तिवारी, विक्की बाबू और रूपेश मिश्रा भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन



सुनील मांझी कर रहे हैं। फिल्म को पिंकू दुबे ने लिखा है जबकि DOP विजय आर पांडेय होंगे।

इस अवसर पर अभिनेत्री यामिनी सिंह को लेकर एक खास बात सामने आई। शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जिसकी शूटिंग वह करने जा रही हैं। जिसमें यामिनी सिंह एक संस्कारी और मजबूत किरदार वाली घर की बहू की भूमिका निभा रही हैं, जो परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखने का प्रयास करती है।

वहीं अभिनेता मनोज टाइगर ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह इसमें बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी पूरी तरह से पारिवारिक मूल्यों, भाईचारे और रिश्तों की भावनाओं पर आधारित है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देगी।

- ज़िया इन्फोकस फिल्म क्रिएशन एंड सक्षम फिल्म वर्ल्ड की नई पारिवारिक फिल्म 'भाग्य से मिलले भईया हमार'
- अगले महीने से लखनऊ और आसपास के इलाकों में होगी शुरु

# तेज रफ्तार डंपर ने महिला को कुचला

## चौराहा पार करते समय हुआ हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बुजुर्ग महिला की इस हादसे में मौत हो गई। महिला की पहचान 65 वर्षीय शिवनाथा के रुप में हुई है। डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह घटना शनिवार शाम करीब 3:45 बजे कानपुर रोड पर रमाडा होटल के सामने जुनाबगंज चौराहा पार करते समय हुई। शिवनाथा अपने बेटे राजेश के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। वे बंथरा के जुनाबगंज



स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती अपनी नातिन को देखकर आ रही थीं। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवनाथा बाइक से नीचे गिर गईं और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। चालक मौके से फरार हो गया। मृतका शिवनाथा उन्नाव जिले के असोहा थाना अंतर्गत शाहाबाद ग्रांट, बड़ा लाल खेड़ा की निवासी थीं। उनके पति का निधन करीब 15 वर्ष पहले हो चुका था।

## दूध लेने जा रही बच्ची और दादी मलबे में दबीं, पिता बोले- 25 साल पुरानी थी दीवार

# जर्जर दीवार गिरने से 6 साल की मासूम की मौत





जोया, मृतक

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को सुबह के समय आंधी के दौरान जर्जर दीवार गिर गई। जिसकी चपेट में आने से दूध लेने जा रही 6 साल की मासूम व उसकी दादी दब गई। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां बच्ची को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बुजुर्ग का इलाज चल रहा है। पूरा मामला देयगंज थाना क्षेत्र का है। वहीं बच्ची के पिता का कहना है कि दीवार करीब 25 साल पुरानी थी। समय रहते दीवार की मरम्मत नहीं कराई गई थी, जिससे ये हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर सपा नेता पूजा शुक्ला भी मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

### जर्जर बाउंड्री वॉल भरभराकर गिर गई

भाण्डुटोला की पुरानी बांस मंडी इलाके एक खाली प्लॉट की जर्जर बाउंड्री वॉल अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में आकर मासूम जोया (6) और उसकी दादी नाजों (80) दब गईं। पिता छोटू ने बताया बेटी सुबह के समय दादी के साथ दूध लेने जा रही थी। तभी आंधी के दौरान घर के सामने खाली प्लॉट की जर्जर दीवार गिर गई। जिसकी चपेट मां और बेटी आ गई। हादसे की सूचना मिलते ही मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल जोया को पहले खदरा स्थित राजधानी हॉस्पिटल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल नाजों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# निपुण भारत मिशन को नई गति देगी योगी सरकार

## जुलाई में प्रदेशभर में होंगी 'निपुण संकल्प कार्यशालाएं'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालयों में सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से जुलाई माह में प्रदेश के सभी जनपदों में 'निपुण संकल्प कार्यशालाओं' का आयोजन करेगी। प्रदेश के 33 केंद्रों पर 6 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली इन कार्यशालाओं में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, शैक्षणिक विशेषज्ञ एवं जिला स्तरीय टीमों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं। निपुण भारत मिशन के माध्यम से बच्चों में आधारभूत भाषा एवं गणितीय दक्षताओं का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित निपुण संकल्प कार्यशालाएं शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रभावी रणनीति तैयार करने, विद्यालयों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य केवल नामांकन बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के सीखने के स्तर में वास्तविक सुधार सुनिश्चित करना है। कार्यशालाओं के माध्यम से निपुण विद्यालय लक्ष्यों, निपुण 2.0, बालवाटिका संचालन, डेटा आधारित अनुश्रवण तथा सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### दिल्ली की 8 उड़ानें अमौसी एयरपोर्ट पर डायवर्ट

सरोजनी नगर, लखनऊ। दिल्ली में शुक्रवार देर रात अचानक मौसम खराब होने से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। खराब दृश्यता और प्रतिकूल मौसम के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान संचालन बाधित हो गया। इसके चलते विभिन्न शहरों से दिल्ली जा रही 8 उड़ानों को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया। मौसम सामान्य होने के बाद सभी विमानों को उनके गंतव्य दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में देर रात मौसम बिगड़ने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने कई विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इन उड़ानों को निकटवर्ती हवाई अड्डों की ओर मोड़ा गया, जिनमें से आठ उड़ानें लखनऊ पहुंचीं। इसके अलावा आज सुबह शहर में आंधी-बारिश के चलते यहां से 5 फ्लाइट लेट उड़ान भर पाईं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनभागीदारी से होंगे विशेष आयोजन

# अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग स्वच्छता से गूंजेगा प्रदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी के साथ सामूहिक योग के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जनपदों को आवश्यक दिशा-



निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक योग सत्र, एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों, युवा समूहों, शिक्षण संस्थानों तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 'सरोवर संवाद' का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को वीबी- जी राम जी योजना के प्रावधानों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर राज्य मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

- श्री मौर्य ने कहा कि अमृत सरोवर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक चेतना के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश देंगे।

# श्रमिकों और नियोजकों को एक मंच पर लाने के लिए लॉन्च किया 'डिजिटल लेबर चौक' ऐप

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग की अभिनव पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार संवर्धन तथा डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'डिजिटल लेबर चौक (Digital Labour Chowk-DLC)' मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून 2026 को श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा इस अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म को जनता के लिए समर्पित किया गया। श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (UPBOCW) द्वारा विकसित यह मोबाइल आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म श्रमिकों एवं नियोजकों को एक ही मंच पर लाकर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने तथा श्रम



- 10 करोड़ से अधिक श्रमिकों को मिलेगा लाभ

बाजार को अधिक संगठित, पारदर्शी और सुलभ बनाने का कार्य करेगा।

डिजिटल लेबर चौक प्लेटफॉर्म पर कोई भी श्रमिक अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर प्रोफाइल बना सकेगा। श्रमिक अपनी प्रोफाइल में कौशल, व्यवसाय, कार्य अनुभव, पसंदीदा कार्यस्थल तथा अन्य आवश्यक विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसी प्रकार नियोजक अथवा सेवायोजक भी स्वयं को पंजीकृत कर अपनी श्रमिक आवश्यकता, कार्य का प्रकार, कार्यस्थल तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं दर्ज कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर श्रमिकों एवं नियोजकों का डिजिटल मैचिंग किया जाएगा। इससे श्रमिकों को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जबकि नियोजकों को आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त एवं प्रशिक्षित श्रमिक उपलब्ध हो सकेंगे।

## जांच : 30 लाख लेकर मां-बेटे ने थमाया फर्जी लेटर, ऑफिस में चेक कराने पर पता चला

# एलडीए में नौकरी : सरकारी ठेका दिलाने के नाम पर ठगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) में नौकरी और सरकारी ठेका दिलाने का झांसा देकर मां-बेटे ने 30 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोलागंज के बारूदखाना स्थित तकिया आजम बेग की रहने वाली पीड़ित वारिस एहसान खान ने पुलिस से की शिकायत में बताया- उनके दूर के रिश्तेदार सुमायरा रब्बानी उर्फ परवीन और उनके पुत्र




अली अब्दुल्लाह ने एलडीए में नौकरी लगवाने और सरकारी ठेके दिलाने का भरोसा दिलाया था। सुमायरा एलडीए में कार्यरत बताई जाती हैं। वारिस का आरोप है कि न तो उन्हें एलडीए में नौकरी मिली और न ही किसी प्रकार का ठेका। इसके बाद उन्होंने अपने 30 लाख



> पीड़ित का आरोप है कि उनकी बातों में आकर उन्होंने जनवरी 2024 में अली अब्दुल्लाह के आईसीआईसीआई बैंक खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद मार्च 2024 में 25 लाख रुपए नकद दिए।

रुपए वापस मांगे, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। पीड़ित के मुताबिक, कई बार घर जाकर रकम लौटाने की मांग करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की, धक्का देकर भगा दिया। इसके बाद फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। कैसरबाग इंस्पेक्टर अंजनि मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है। आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

### जांच में फर्जी निकला नियुक्ति पत्र

वारिस ने बताया कुछ समय बाद सुमायरा रब्बानी ने उन्हें एक पत्र दिया और कहा कि उनके कहने पर ही उसे लेकर एलडीए जाना। काफी समय बीतने के बाद जब उन्हें संदेह हुआ तो वह खुद एलडीए पहुंचे और पत्र की जांच कराई। वहां पता चला कि पत्र फर्जी है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने पत्र वापस मांग लिया, लेकिन उन्होंने पत्र नहीं लौटाया।

### लखनऊ में बदायूं के युवक ने सुसाइड किया

मोहनलालगंज। लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के ब्रह्मदासपुर गांव में शनिवार सुबह एक युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके मोबाइल फोन में लव इमोजी, 'जान आई लव', 'लव यू-2' नाम से नंबर सेव मिले हैं। इनमें से एक नंबर पर उसने कोई इंस्टाग्राम लिंक भी भेजा है। शव के पास 2 लाइन का सुसाइड नोट भी लिखा मिला है। पुलिस इसे प्रथम-दृष्टया एकतरफा प्यार में आत्महत्या मान रही है। युवक ब्रह्मदासपुर का नहीं था। उसकी पहचान बदायूं जिले के बिल्सी थानाक्षेत्र के ग्राम हरगनपुर, पोस्ट सिरासौल के राजेश के बेटे अमन (20) के रूप में हुई है। शव के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन के आधार पर पुलिस ने शिनाख्त की। एसआई संदीप मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ब्रह्मदासपुर गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग के निकट कंजी के पेड़ से दुपट्टे के फंदे से लटका शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी।

## लखनऊ में 'पसमांदा मुस्लिम चिंतन' का आयोजन

# प्रदेश भर के बुद्धिजीवियों का लगा जमावड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ प्रेस क्लब में 'पसमांदा मुस्लिम चिंतन' कार्यक्रम का आयोजन। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी हुए शामिल। कार्यक्रम में प्रदेश भर के मुस्लिम पसमांदा समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शोधकर्ताओं एवं एक्टिविस्टों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पसमांदा समाज के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिक-रण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित वक्ताओं ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए ठोस पहल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाज से जुड़े लोगों ने मौजूदा समय में आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चिंता जताते हुए बड़े बदलाव की



मांग की। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पसमांदा समाज लगातार तरक्की कर रहा है। पीएम मोदी लगातार सब का साथ सबका विकास की बात कर रहे हैं । पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सभी धर्म जाति को साथ लेकर चलने की बात कही। और यह चीज जमीन पर लागू हुई मुसलमान बच्चों की तरक्की के लिए एक हाथ में कुरान और एक में लैपटॉप दिया। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

# चार्टर विमान से देहरादून से लाया गया, मणिकर्णिका घाट पर होगा अंतिम संस्कार

# वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचा जसपाल राणा का पार्थिव शरीर

**पद्मश्री जसपाल राणा का आज वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। चाचा राजेंद्र राणा ने बताया कि जसपाल राणा ने कई बार इच्छा जताई थी कि उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर हो। इसी वजह से परिवार ने वाराणसी में अंतिम संस्कार का निर्णय लिया है।**

**जसपाल राणा (49) का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था। वे पिछले 11 दिनों से दिल्ली के मैक्स साकेत अस्पताल में भर्ती थे। जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।**

शोक

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। जसपाल राणा का पार्थिव शरीर लेकर चार्टर विमान शनिवार को देहरादून से वाराणसी पहुंच गया। चार्टर फ्लाइट के एयरपोर्ट पर लैंड करते ही परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। पार्थिव शरीर को एयरपोर्ट के एयर कार्गो टर्मिनल में रखा गया है, जहां से उसे थोड़ी देर में बाहर निकाला जाएगा। इसके पहले मुख्य टर्मिनल भवन के बाहर बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए मौजूद रहे। एयरपोर्ट परिसर में भावुक माहौल बना हुआ है। पार्थिव शरीर के



बाहर आते ही श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगने की संभावना है। प्रशासन और एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। जसपाल राणा का पार्थिव शरीर लेकर चार्टर विमान शनिवार को देहरादून से वाराणसी पहुंच गया। 2012 में कांग्रेस में शामिल होने के बाद जसपाल राणा पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय दिखे। राहुल गांधी के साथ उनकी कई मुलाकातें और सार्वजनिक कार्यक्रम चर्चा में रहे। उनके निधन पर राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त करते हुए भारतीय शूटिंग में उनके योगदान को याद किया।

### गुरु को अंतिम विदाई देते वक्त रो पड़ीं मनु भाकर

ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर शुक्रवार को ही अपने कोच जसपाल राणा को अंतिम विदाई देने देहरादून पहुंच गईं थी। कोच के पार्थिव शरीर को देख वह खुद को रोक नहीं पाईं और जसपाल राणा के पिता नारायण सिंह राणा से लिपटकर रो पड़ीं। मनु भाकर के करियर में जसपाल राणा की भूमिका बेहद अहम रही है। जूनियर स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में उन्होंने मनु को लगातार मार्गदर्शन दिया। पेरिस ओलिंपिक में मनु के दो पदकों के पीछे भी जसपाल राणा के प्रशिक्षण और अनुभव को बड़ी वजह माना जाता है।



कोच जसपाल राणा को अंतिम विदाई देने पहुंचीं मनु भाकर। इस दौरान वह राणा के पिता नारायण सिंह राणा से लिपटकर रो पड़ीं।

### 600 से ज्यादा मेडल, 2006 एशियाड में रचा इतिहास

जसपाल राणा भारतीय निशानेबाजी इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके नाम 600 से अधिक पदक दर्ज हैं। 1994 में मिलान में हुई जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उसी साल हिरोशिमा एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। 2006 दोहा एशियन गेम्स उनके करियर का स्वर्णिम अध्याय माना जाता है। वहां उन्होंने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में 590 अंक का वर्ल्ड-इक्वलिंग स्कोर बनाया और तीन गोल्ड तथा एक सिल्वर मेडल जीता। जसपाल राणा का रिश्ता सिर्फ खेल जगत तक सीमित नहीं था। उनकी राहुल गांधी के साथ साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ ही व्यक्तिगत रिश्ते थे। कुछ परिवारिक सूत्रों की मानें तो राणा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पहली मुलाकात भी शूटिंग रेंज में हुई थी। निशानेबाजी के साझा शौक ने दोनों को करीब लाया और बाद में राजनीति में आने के बाद भी यह रिश्ता बना रहा।

# अवैध गैस रिफिलिंग व भंडारण पर छापा

## 218 सिलेंडर सहित मैक्स पिकअप बरामद

तमसा संकेत, एजेंसी



मथुरा। थाना जमुनापार क्षेत्र के मांट-पानीगांव रोड स्थित चौधरी मार्केट में लंबे समय से संचालित अवैध गैस रिफिलिंग और गैस सिलेंडरों के भंडारण के कारोबार पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके से 72 कमर्शियल और 146 घरेलू गैस सिलेंडर सहित भारी मात्रा में उपकरण तथा एक मैक्स पिकअप वाहन बरामद किया गया।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जिला पूर्ति अधिकारी मथुरा के निर्देशन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मांट, तहसीलदार मांट, पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी पानीगांव कपिल कुमार वसिष्ठ तथा थाना जमुनापार पुलिस की संयुक्त टीम ने चौधरी मार्केट में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों से पंप के माध्यम से कमर्शियल सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरते हुए गतिविधियां पाई गईं। मौके पर जसवीर सिंह पुत्र इंद्र कुमार निवासी कैलाश नगर, वृंदावन मौजूद मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह करीब एक वर्ष से घरेलू सिलेंडरों की गैस कमर्शियल सिलेंडरों में भरकर वृंदावन, राया, लक्ष्मीनगर समेत अन्य क्षेत्रों में सप्लाई कर रहा था। छापेमारी के दौरान 72 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें 4 भरे तथा 68 खाली थे।

**फास्ट न्यूज**

### रामगढ़ताल में कूदकर 7वीं की छात्रा ने जान दी

गोरखपुर। गोरखपुर में शुक्रवार दोपहर के समय रामगढ़ताल की रेलिंग फांदकर एक लड़की ताल में कूद गई थी। राहगीरों ने उसे ताल से बाहर निकालकर सीपीआर भी दिया था। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान 7वीं क्लास में पढ़ने वाली ईशु उर्फ आलिया मोदनवाल के रूप में हुई।

### वाराणसी में आंधी से गिरा पेड़, चार लोग दबे

वाराणसी। वाराणसी में शनिवार को आई तेज आंधी के दौरान कबीरचौरा स्थित श्री शिवप्रसाद गुप्ता राजकीय चिकित्सालय परिसर में एक पुराना विशाल पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ मैदागिन की ओर जाने वाली सड़क पर गिरा, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना 2:00 बजे की है। पूरा पेड़ नहीं गिरा था, पीपल के पेड़ की एक डाली गिर गई थी। जिसमें चार लोग दबे हुए थे। बाकी तीन सुरक्षित हैं, एक लोग विजय नाम के हैं, उन्हें हल्की छोटे आई हैं। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### पति की लाश से पत्नी ने मांग में सिंदूर भरवाया

प्रयागराज। उन्नाव में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अनुपम से पत्नी ने आखिरी बार मांग में सिंदूर भरवाया। शनिवार सुबह अनुपम का शव उन्नाव से प्रयागराज उनके घर पहुंचा, तो पत्नी प्रिया बेसुध हो गईं। रोते-रोते शव के पास बैठ गईं। इसी दौरान एक महिला सिंदूरदान लेकर आई। रिश्तेदार ने अनुपम की उंगली पर सिंदूर लगाया, फिर प्रिया ने सिर झुकाकर अपनी मांग में सिंदूर भरवाया।

## औषधि नियंत्रक से मिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जिलों फार्मासिस्ट साथियों को हो रही नवीन एवं नवीनीकरण औषधि लाइसेंस संबंधित समस्याओं को लेकर शशि मोहन गुप्ता (औषधि नियंत्रक उत्तर प्रदेश) से मुलाक़ात कर समस्त समस्याओं को अवगत कराया गया, औषधि नियंत्रक से चर्चा करते हुए कहा गया जब 15 कार्य दिवस नवीन मेडीकल स्टोर लाइसेंस और एक सप्ताह नवीनीकरण लाइसेंस को जारी करना होता है फिर दो दो महीने समय तक फाइलों कैसे लग रहा है इसी क्रम में औषधि निरीक्षक का कार्य है जहाँ मेडीकल स्टोर लाइसेंस के लिए आवेदन किया जा रहा उस जगह का स्वयं जाकर निरीक्षण करें मगर अधिकतर जिलों औषधि निरीक्षक के निजी वाहन चालक, और कहीं कहीं ओफिस के बाबू जाते हैं और फार्मासिस्ट से मेडीकल स्टोर लाइसेंस पास कराने के नाम पर धन उगाई करने का कार्य किया जाता है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए इस पर औषधि नियंत्रक ने कहा अगर ऐसा कहीं हो रहा है उस पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी साथ ही तत्काल महोदय द्वारा सक्षम अधिकारी को कॉल कर निराकरण करने का आदेश दिया गया।

## दो नकली एनएसजी कमांडो-ड्राइवर रखे, सेना के अफसरों ने प्रोग्राम में बुलाकर फंसाया

# यूपी में 22 साल का फर्जी ब्रिगेडियर पकड़ा गया

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर। 22 साल का एक युवक ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर घूमते हुए पकड़ा गया। उसके साथ वर्दी पहने दो एनएसजी कमांडो और एक ड्राइवर भी था। युवक को मिलिट्री पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उसके पास से फर्जी सेना का पहचान पत्र, नकली पिस्टल और सेना से जुड़े कई पेपर बरामद हुए हैं। युवक कैंट एरिया के शहीद संग्रहालय में सेना का झंडा लगी हैरियर गाड़ी से पहुंचा था। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पूर्व सैनिकों और स्टाफ वालों को शक हुआ। जिसके बाद सेना को इसकी सूचना दी गई। मिलिट्री पुलिस ने युवक की पहचान रोजा शहर के ही



आर्यन वर्मा (22) के रूप में की है। युवक जिस इलाके में युवक घूम रहा था, वह सेना का संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां सेना की एक पूरी ब्रिगेड तैनात है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारियों के आवास भी इसी कैंट एरिया में हैं। पूर्व सैनिकों को आर्यन की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। उन्होंने कई बार उसे ब्रिगेडियर की वर्दी में घूमते देखा था। पूर्व सैनिकों ने इसकी सूचना सेना के अधिकारियों को दी थी, जिसके बाद से आर्यन पर नजर रखी जा रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे पूर्व सैनिकों ने आर्यन को शहीद संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। वह जैसे ही पहुंचा, मिलिट्री पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।



ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर घूम रहे युवक के साथ 3 लोगों को मिलिट्री पुलिस ने हिरासत में लिया।

### नकली आईडी, पिस्तौल और बैटन बरामद

मिलिट्री पुलिस ने आर्यन के कब्जे से नकली सेना का पहचान पत्र, नकली पिस्तौल और ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला बैटन (डंडा) बरामद किया है। उसने अपने घर पर भी ब्रिगेडियर नाम की नेम प्लेट लगवा रखी थी। उसने अपना एक कार ड्राइवर रखा था, जिसके पास से फर्जी सरकारी पहचान पत्र मिला है। इसके अलावा दो सुरक्षाकर्मियों भी एनएसजी कमांडो की वर्दी में थे। आर्यन के पिता अनिल वर्मा पुवायां क्षेत्र में उद्यान विभाग में निरीक्षक हैं, जबकि उसकी मां मनोज देवी सदर तहसील क्षेत्र के जलालपुर में सरकारी टीचर हैं। परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है, जो कक्षा चार में पढ़ता है।

## लव-मैरिज से नाराज था पिता बांदा में समझाया था- दूसरी जाति का लड़का है, बदनामी होगी, खून देख मां बेहोश

# थाने में बेटी की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

बांदा। बांदा में एक पिता ने अपनी 19 साल की बेटी की थाने के अंदर चाकू मारकर हत्या कर दी। वह बेटी के लव मैरिज करने से नाराज था। बेटी ने 18 मई को मोहल्ले के ही रहने वाले एक लड़के के साथ भागकर शादी कर ली थी।

पुलिस शुक्रवार को लड़की और उसके प्रेमी को मध्यप्रदेश से बरामद कर थाने लाई थी। मां-बाप को भी थाने बुलाया गया था। इसी दौरान पिता अपनी बेटी को समझा रहा था, जिसके साथ तुमने शादी की है, वह दूसरी बिरादरी का है। समाज में बड़ी बदनामी हो रही है। लेकिन लड़की अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी। तभी पिता ने बेटी पर चाकू से हमला कर दिया।

यह देख लड़की की मां बेहोश हो गई। चीख सुनकर पुलिसवाले मौके पर पहुंचे और लड़की को अस्पताल





गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला जिला मुख्यालय से 43 किमी दूर बदौंसा थाने का है।

तीनों बात कर ही रहे थे कि बेटी ने कहा- मैं ललित को नहीं छोड़ूंगी, मैंने उससे शादी कर ली है। अब वह मेरा पति है, उसी के साथ जीना है और मरना है। काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। बयान भी दर्ज कर लिए गए थे। इसके बाद लड़की को वन स्टॉप सेंटर भेजा जाना था।

### काउंसलर ने अकेले में बात करने के लिए टाइम दिया था

शिवानी और ललित के परिवार वाले थाने पहुंचे। पुलिस ने पहले तो परिवार के साथ मिलकर दोनों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही और विवाह से संबंधित दस्तावेज भी पुलिस को दिखाए। पुलिस शिवानी के मेडिकल और 164 के तहत बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही थी।

इसी दौरान काउंसलर ने शिवानी, उसके पिता सत्यकुमार और मां रन्नो देवी को अकेले में बात करने के लिए कहा। तीनों एक कमरे में गए और वहां पर सत्यकुमार अपनी बेटी को समझाने लगा कि ललित दूसरे जाति का लड़का है। इसकी वजह से समाज में उसकी बदनामी हो रही है। तुम उसे तलाक दे दो।

पुलिस ने मौके से चाकू बरामद किया है। साथ ही आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।



पुलिस ने शिवानी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### चार साल से अफेयर था, 18 मई को कोर्ट मैरिज की

बदौंसा थाना क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी के रहने वाले सत्यकुमार चौहान (55) की दो बेटियां पूनम (24), शिवानी (19) और एक बेटा सत्यवान चौहान (29) है। बड़ी बेटी पूनम की शादी हो चुकी है। वह अपने ससुराल में रहती हैं। बेटा सत्यवान सूरत में एक फैक्ट्री में काम करता है। सत्यकुमार की पत्नी रन्नो देवी (53) गृहिणी हैं।

पुलिस के अनुसार, सत्यकुमार की छोटी बेटी शिवानी का गांव के ही एक लड़के ललित वर्मा (20) से चार साल से अफेयर था। 18 मई को शिवानी ने ललित के साथ भागकर पहले मंदिर और फिर रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी कर ली थी। शिवानी के भागने के बाद उसकी मां रन्नो देवी ने थाने में ललित के खिलाफ शिकायत दी थी।

दोनों 18 मई से ही लापता थे। पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस को दोनों के मध्य प्रदेश सतना जिले के बरौंधा घाटी क्षेत्र से होने की सूचना मिली। इसके बाद एमपी पुलिस से संपर्क करके दोनों को बरामद किया गया और उन्हें बदौंसा थाने लाया गया। इसके बाद दोनों के परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई।

## समस्या भी हमारी, समाधान भी हमारा विकास का संकल्प पूरे गांव का

### रात्रि जनसंवाद एवं ग्राम चौपाल का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विकास खण्ड बलदेव के ग्राम पंचायत पटलौनी में रात्रि जनसंवाद एवं ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा गांव की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव विधानसभा विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत पटलौनी के प्रधान लाखन सिंह ने सभी अतिथियों का पटुका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से उनका लाभ लेने की अपील की। महावन तहसीलदार ने भी सरकारी योजनाओं एवं राजस्व विभाग से संबंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गुंजन, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. विजेंद्र सिंह सिसोदिया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### अखिलेश की बेटी...

मंच पर मंत्री ओमप्रकाश राजभर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा- पहले गरीब की कोई सुनवाई नहीं होती थी, लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है, जो काम सदियों से नहीं हो पाया, उसे पूरा करने का काम किया गया है। पहले हर आतंकी घटना में आजमगढ़ का नाम आता था। युवाओं की नौकरियों पर सेंध लगती थी। बेटियों के लिए कोई स्कीम नहीं थी, न ही उनकी सुरक्षा और आगे बढ़ने के लिए कोई योजना थी। हमारी सरकार ने महाराजा सुहेलदेव को उचित सम्मान देने का काम किया है।

सीएम ने कहा- पहले बहराइच में आक्रांता सालार मियां और गाजी मियां के नाम पर आयोजन होता था। जब हमारी सरकार आई, तो हमने कहा- ऐसा नहीं चलेगा। हमने इसे बंद करवाया। हमने कहा कि ये गुलामी के प्रतीक हैं। विदेशी आक्रांताओं का सम्मान नहीं होना चाहिए।

आज यहां महाराजा सुहेलदेव की बड़ी प्रतिमा स्थापित कराई गई है। आप कहीं भी जाएंगे, महाराजा सुहेलदेव से आपकी पहचान होगी।

### 2017 से पहले...

मुबारकपुर की ब्लैक पॉटरी के लिए भी कोई स्थान नहीं था। आज ब्लैक पॉटरी से जुड़ा एक कारीगर मुझसे मिला और बहुत खुश होकर बोला कि जब से उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आई है, हमारा कारोबार कई गुना बढ़ा है।

### योगी ने राममंदिर...

एसआइटी को सात दिन में अंतरिम रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। राम मंदिर में दान पात्रों में दान की गई धनराशि चोरी मामले में लगातार हो रही फजीहत के बाद ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चढ़ावे के रुपये की चोरी को लेकर रोज हो रहे नए प्रकरण पर अब विराम लगाने के क्रम में यह कदम उठाया है। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से आंतरिक जांच और आडिट की बात कही जा रही थी। ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि दान पात्रों में धनराशि की चोरी से जुड़ी तमाम अफवाहों और दावों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए। ट्रस्ट का कहना है कि एक उच्च स्तरीय एसआईटी जांच से न केवल इस पूरे प्रोपेगैंडा के पीछे छिपे चेहरों का पर्दाफाश होगा, बल्कि देश की जनता के सामने यह सच भी आ जाएगा कि राम मंदिर में चढ़ावे की एक-एक पाई पूरी तरह सुरक्षित और पूरी पारदर्शिता के साथ बैंक खातों में जमा की जाती है।

### जिंदा मिसाइल के...

11 जून को इंडियन नेवी ने हाई-रिस्क ऑपरेशन चलाकर मिसाइल वारहेड को बाहर निकाला। कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान ने विस्फोटक निष्क्रिय करने में माहिर एक्सप्लोसिव ऑर्डिनेंस डिस्पोजल (EOD) टीम को मौके पर भेजा। इस पूरे ऑपरेशन का को-ऑर्डिनेशन गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना के इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन (IFC-IOR) ने किया।

### हमले से तेल रिसा...

धमाके के कारण टैंकर से कुछ तेल भी समुद्र में बह गया था। लेकिन टैंकर ने अपना सफर जारी रखा। इस बीच इंडियन नेवी को भी टैंकर में मिसाइल फंसे होने की जानकारी दी गई।

### एसआईआर: 30...

इनमें सबसे बड़ा बदलाव कार्ड की फोटो का है। पहले के करीब 30% वोटर कार्ड में फोटो थे ही नहीं। किसी में तो इतने धुंधले थे कि पहचानना मुश्किल था। वजह ये कि संविधान में फोटो आईडी कार्ड का जिक्र ही नहीं है। ऐसे में फोटो के लिए मतदाता को बाध्य नहीं किया जा सकता था। पड़ताल से पता चला कि करीब 30 करोड़ फोटो नदारद, धुंधले, पुराने या पहचान से परे थे। जो फोटो थे वे 20-30 साल पुराने थे।

SIR अभियान से मतदाता सूची में क्या बदल गया?सबसे अहम बदलाव यह है कि अब कोई भी मतदाता एक से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों में अपना नाम दर्ज नहीं रख पाएगा। इस अभियान के तहत मतदाताओं को अपना मौजूदा निवास स्थान चुनने की पूरी छूट दी गई और बाकी सभी पुरानी जगहों से उनके नाम हटा दिए गए हैं। कोई ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज रखता है, तो क्या?आयोग ने इसके लिए सख्त हिदायत दी है। SIR के दौरान सभी को अपनी गलती सुधारने का मौका दिया गया था। इसके बावजूद अगर किसी का नाम एक से ज्यादा जगह पर दर्ज मिलता है, तो इसे अब गंभीर अपराध माना जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट...

इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं। अग्निवीर दानिश बिहार में भोजपुर के कोईलवर प्रखंड के कुल्हाड़ियां गांव के रहने वाले थे। वे अक्टूबर 2025 में अग्निवीर जवान के रूप में वायु सेना में भर्ती हुए थे। दानिश के शहीद होने की सूचना मिलने के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। घर के इकलौते बेटे की असमय मौत से माता-पिता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 30 मई को ड्यूटी पर लौटे थे।

अग्निवीर खेमाराम कुमावत राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के पांचोता गांव के रहने वाले थे। परिवार में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

सार्जेंट जितेंद्र अलीगढ़ के रहने वाले थे। भारतीय वायुसेना में साल-2014 में भर्ती हुए थे। परिवार में उनकी मां के अलावा 2 बड़े भाई रमाकांत और भूपेंद्र हैं। जितेंद्र सबसे छोटे थे।परिजनों के अनुसार, जितेंद्र हाल ही में छुट्टी लेकर गांव आए थे। 5 जून 2026 को वह वापस ड्यूटी पर लौटे थे। घर में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

### मोदी और ट्रम्प 17...

मोदी 16 जून को वापस फ्रांस लौटेंगे। वे 17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में G7 समिट में हिस्सा लेंगे। यहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उनकी मुलाकात होगी। समिट में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नई साझेदारियों और AI के मुद्दे पर चर्चा होगी। G7 यानी 'ग्रुप ऑफ सेवन', दुनिया के उन 7 देशों का समूह है, जिन्हें दुनिया की 'मॉडर्न इकोनॉमी' वाला देश कहा जाता है। इनमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं। इसकी शुरुआत 1975 में G6 के रूप में हुई थी। 1976 में कनाडा के जुड़ने के बाद यह G7 बन गया। 1998 में रूस को शामिल कर इसका नाम G8 कर दिया गया, लेकिन 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र पर रूस के कब्जे के बाद उसे समूह से बाहर कर दिया गया। इसके बाद यह फिर से G7 कहलाने लगा।

### 15 जून को फ्रांस...

इसके बाद वे G7 नेताओं के साथ स्वागत समारोह और डिनर में शामिल होंगे। 16 जून की सुबह ट्रम्प G7 नेताओं और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद उनकी कतर के अमीर (शासक) के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। फिर वे संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। 17 जून को ट्रम्प मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। फिर वे प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

### 'डबल इंजन सरकार...

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार स्मार्ट सिटी बनाने के अपने वादे को पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने दावा किया कि जनता ने कई स्थानों पर स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए उन्हें उखाड़कर फेंक दिया। उन्होंने यह भी कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और डॉलर महंगा होता जा रहा है, जिसका असर आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है। उनके मुताबिक भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है और बढ़ती महंगाई तथा भ्रष्टाचार के कारण डबल इंजन सरकार की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया, फिर डंटे से मारा ■ एयरपोर्ट से घर जा रहे थे नईम हसन

# बांग्लादेशी क्रिकेटर को पुलिस ने सड़क पर पीटा

**आरोप**



■ नईम हसन को जिम्बाब्वे दौरे के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में चुना गया है। यह दौरा 28 जून से शुरू होगा।

चटगांव, एजेंसी

बांग्लादेश टेस्ट टीम के स्पिनर नईम हसन ने चटगांव पुलिस पर मारपीट और गाली देने के आरोप लगाए हैं। नईम का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया और फिर डंटे से पीटा। 26 साल के क्रिकेटर ने कहा- मैंने अधिकारियों को अपने नेशनल क्रिकेटर होने की बात भी बताई, लेकिन वे नहीं रुके।

नईम ढाका प्रीमियर लीग में प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 12 जून की रात फ्लाइट से चटगांव पहुंचे थे। वे रात 11:25 बजे CNG ऑटो से घर लौट रहे थे, तब लंकन बाजार फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने उनका वाहन रोक लिया और मारपीट की।

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है। नईम जिम्बाब्वे के खिलाफ इकलौटे टेस्ट के लिए बांग्लादेश के टेस्ट टीम में चुने गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैं नेशनल क्रिकेटर हूं और बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलता हूं, लेकिन उन्होंने मेरी बात पर ध्यान नहीं दिया। बाद में जब उन्हें फोन पर मेरे बारे में जानकारी मिली, तभी उनका रवैया बदला।



> चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर अमीरुल इस्लाम ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि और पेशेवर आचरण से जुड़े मामलों में विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति है।

### बीसीबी ने निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने घटना पर चिंता जताई है। बोर्ड ने इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। BCB ने आधिकारिक बयान में कहा- 'कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कुछ सदस्यों द्वारा नईम हसन के साथ किया गया कथित व्यवहार अस्वीकार्य और अनुचित है।

### नईम बोले- मुझे पीटा गालियां भी दीं

मैंने पुलिस से कहा कि जरूरत हो तो उनका बैग चेक कर लिया जाए, लेकिन इसके बावजूद पुलिसकर्मियों ने उनका गला पकड़ लिया और जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। नईम का आरोप है कि उन्हें पीटा गया और अपशब्द कहे गए।

# वैभव सूर्यवंशी के छोटे भाई ने शतक लगाया

## 10 साल के आशीर्वाद ने 21 बाउंड्री लगाईं

नई दिल्ली, एजेंसी



वैभव सूर्यवंशी के बाद अब उनके छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी भी क्रिकेट में सुर्खियां बटोर रहे हैं। 10 साल के आशीर्वाद ने समस्तीपुर में खेले गए एक लोकल प्रैक्टिस मैच में क्रिकेट अकादमी ताजपुर की ओर से खेलते हुए 87 गेंदों पर 103 रन बनाए।

उनकी पारी में 20 चौके और एक छक्का शामिल रहा। राइट हैंड बल्लेबाज आशीर्वाद के शतक का वीडियो और स्कोरकार्ड उनके बड़े भाई उज्ज्वल सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। आशीर्वाद को लेकर पिता संजीव कह चुके हैं कि वे आशीर्वाद को भी आने वाले दो साल में वैभव की तरह एक बेहतरीन क्रिकेटर बनाना चाहते हैं।

आशीर्वाद के शतक के बाद पिता संजीव सूर्यवंशी ने भी सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मेरे छोटे बेटे आशीर्वाद सूर्यवंशी ने आज प्रैक्टिस मैच में अपना पहला शतक बनाया। आप सभी से अनुरोध है कि आशीर्वाद पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें।

वैभव सूर्यवंशी तीन भाइयों में मंझले हैं। उनके बड़े भाई का नाम उज्ज्वल सूर्यवंशी है, जबकि सबसे छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी हैं। पिता संजीव सूर्यवंशी और मां आरती सूर्यवंशी ने दोनों बेटों के क्रिकेट करियर में अहम भूमिका निभाई है।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप में 96 साल पुरानी हिस्ट्री रिपीट अमेरिका ने पराग्वे को हराया

## कनाडा और बोस्निया मैच में विवाद हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



फुटबॉल वर्ल्ड कप में शनिवार को 96 साल पुरानी हिस्ट्री रिपीट हुई। जब मेजबान अमेरिका ने ग्रुप-डी मैच में पराग्वे को 4-1 से हराया। अमेरिकी टीम ने 1930 के एडिशन में पराग्वे को 3-0 के एकतरफा अंतर से हराया था। उस मुकाबले में बर्ट पटेनाउड ने टूर्नामेंट के इतिहास की पहली हैट्रिक लगाई थी।

32 साल बाद घरेलू धरती पर फीफा वर्ल्ड कप खेल रहे अमेरिका ने चार गोल दागे और टूर्नामेंट में अपने इरादे जाहिर कर दिए। यह पहला मौका है जब अमेरिका ने वर्ल्ड कप के किसी मुकाबले में चार गोल किए हैं।

इस मैच के बाद अमेरिकी टीम ग्रुप-डी में पहले स्थान पर है। जबकि पराग्वे चौथे स्थान पर पहुंच गई है। दिन के एक अन्य मुकाबले में 64वीं रैंक की टीम बोस्निया-हर्जेगोविना ने अपने से ज्यादा रैंकिंग (30) वाली कनाडा को एक-एक के ड्रॉ पर रोक लिया और एक अंक साझा करने पर विवश कर दिया।

अमेरिका ने अटैकिंग शुरुआत की और क्रिश्चियन पुलिसिक के प्रयास पर मिले आत्मघाती गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की। फिर फोलारिन बालोगुन ने 31वें मिनट और पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। यह किसी भी वर्ल्ड कप मैच के पहले हाफ में अमेरिका की सबसे बड़ी बढ़त रही। न्यूयॉर्क में जन्मे और इंग्लैंड में पले-बढ़े 24 साल के फोलारिन बालोगुन ने अपने वर्ल्ड कप डेब्यू में दो गोल कर इतिहास रच दिया। वे 1930 के बाद वर्ल्ड कप के एक मैच में दो गोल करने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने। दूसरे हाफ में पराग्वे के लिए मौरिसियो ने एक गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन अमेरिकी टीम ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में जियो रेयना ने चौथा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी।

को-होस्ट कनाडा ने ग्रुप-बी में अपने अभियान का आगाज ड्रॉ के साथ किया है। उसे 64वीं रैंक की टीम बोस्निया-हर्जेगोविना ने एक अंक साझा करने पर विवश कर दिया। इस मैच के बाद कनाडा ग्रुप बी में पहले स्थान पर आ गई है, जबकि बोस्निया दूसरे स्थान पर है।

## श्रीलंका को 87 रन से हराया, व्याट-हॉज का शतक, फ्रेया केम्प को 4 विकेट

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप : मेजबान इंग्लैंड की जीत से हुई शुरुआत

बर्मिंघम, एजेंसी

मेजबान इंग्लैंड ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत जीत से की है। उसने शुक्रवार रात को ओपनिंग मैच में श्रीलंका को 87 रनों से हराया।

बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 219 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 10 विकेट पर 132 रन ही बना सकी।


21 साल की फ्रेया केम्प ने अपने टी-20 वर्ल्ड कप डेब्यू मैच में 4 विकेट झटके। इंग्लिश ओपनर डैनी वायट-हॉज को शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इंग्लैंड ने विमेंस टी-20 वर्ल्डकप इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया। उसने अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर किया। उसने 2023 में केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट पर 213 रन बनाए थे।

मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापटू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि वे यहां की कंडीशंस से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। यहां एक दिन पहले बारिश भी हुई थी। हालांकि, यह फैसला गलत साबित हुआ।

इंग्लैंड की ओपनिंग जोड़ी व्याट-हॉज और एमी जोन्स (50 रन) ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 82 गेंदों पर 135 रनों की साझेदारी की। यह महिला टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। काफ इंजरी (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव) से वापसी कर रही इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने नाबाद 46 रनों की पारी खेली। 220 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम की बैटिंग फेल रही। उसकी शुरुआत खराब रही और लगातार विकेट गिरते रहे। इंग्लैंड के सभी छह गेंदबाजों को कप्तान ने शुरुआती 9 ओवरों में आजमाया।



### मां बनने के बाद व्याट-हॉज का पहला शतक

इंग्लिश ओपनर डैनी वायट-हॉज ने नाबाद 219 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 62 गेंदों की पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। वायट-हॉज ने मां बनने के बाद पहला शतक लगाया है। 35 साल की इस सीनियर बैटर ने टी-20 इंटरनेशनल में तीसरा शतक लगाया है। उन्होंने 33वीं बॉल पर चौका लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। फिर ब्राजीलियन फुटबॉलर बेबेटो के स्टाइल में 'रॉक-ए-बेबी' (बच्चे को झुलाने वाला) सेलिब्रेशन किया। उन्होंने यह शतक अपनी बेटी डेजी को समर्पित किया। वायट-हॉज 8वां टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही हैं।

## मनोरंजन



## सलमान दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे थे, मूवी की रिलीज और प्रमोशन रोकने की मांग की

# फिल्म काला हिरण के मेकर्स को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक्टर सलमान खान की उस अर्जी पर नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म काला हिरण की रिलीज और प्रमोशन पर रोक लगाने की मांग की।

कोर्ट ने प्रोड्यूसर अमित जानी, जानी फायरफॉक्स फिल्म्स, डायरेक्टर भारत श्रीनेत, अक्षय पांडे और प्रोजेक्ट से जुड़े अन्य लोगों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सलमान खान की उस अर्जी पर भी विचार किया, जिसमें फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई। कोर्ट को बताया गया कि फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार को जारी कर दिया गया, जबकि पहले संकेत दिया गया था कि इसे 20 जून को रिलीज किया जाएगा। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून के लिए तय कर दी। अर्जी में यह भी कहा गया है कि पोस्टर में किरदार को हथियार के साथ दिखाया गया है, जबकि आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले में सलमान बरी हो चुके हैं। एक्टर का कहना है कि इससे गलत संदेश जा सकता है। सलमान के वकील ने यह भी तर्क दिया कि फिल्म की कहानी उन मामलों से जुड़ी लगती है, जो अभी उच्च अदालतों में विचाराधीन हैं। याचिका के अनुसार, ऐसे विषयों पर आधारित कंटेंट का प्रमोशन लंबित न्यायिक कार्यवाही को प्रभावित कर सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार पर असर डाल सकता है। अर्जी में फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी के कथित मीडिया इंटरव्यू, सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक बयानों का भी हवाला दिया गया। कहा गया कि इनमें फिल्म को काला हिरण मामले और गैंगस्टर लॉरेंस से जोड़ा गया, जिससे प्रमोशन हासिल करने की कोशिश की गई।



### नीले ब्रेसलेट को पहचान का चिन्ह बताया

सलमान की अर्जी में कहा गया है कि फिल्म और उससे जुड़े प्रमोशनल कंटेंट 1998 के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित या उस पर आधारित प्रतीत होते हैं। याचिका के अनुसार, भले ही एक्टर का नाम सीधे तौर पर इस्तेमाल नहीं किया गया हो, लेकिन पोस्टर, प्रमोशनल कंटेंट और प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों के पब्लिक बयानों से दर्शक उन्हें आसानी से पहचान सकते हैं।

# 26 साल पुरानी फिल्म की कहानी सुनकर डर गए थे गोविंदा

## आईकॉनिक मूवी ने बना दिया सनी देओल का करियर



नई दिल्ली। गोविंदा ने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है और अभी भी दर्शक इन फिल्मों को उतना ही पसंद करते हैं। लेकिन गोविंदा ने अपने करियर में एक ऐसी फिल्म ठुकराई थी जिसके लिए शायद वे पहली पसंद थे लेकिन किसी वजह से उन्होंने यह फिल्म नहीं की।

यह फिल्म रिलीज के बाद ब्लॉकबस्टर साबित हुई और आज भी भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में इस फिल्म का नाम शुमार है। इतना ही नहीं इस फिल्म ने उस हीरो के करियर को भी ऊंची उड़ान दी जिसने फिल्म में लीड रोल निभाया था।

गदरः एक प्रेम कथा (Gadar: Ek Prem Katha) 15 जून 2026 को अपने 25 साल पूरे करने जा रही है। भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक है और इसका बहुत बड़ा फैन बेस है। फिल्म में सनी देओल (Sunny Deol) ने तारा सिंह की मुख्य भूमिका निभाई थी, यह अफवाह थी कि गोविंदा फिल्म के लिए पहली पसंद थे। एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने खुलासा किया कि गोविंदा को कभी भी यह रोल ऑफर नहीं किया गया था।

## प्रणित मोरे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो अपलोड कर माफी मांगी


# महिलाओं पर भद्दे कमेंट प्रणित मोरे की माफी

नई दिल्ली। कॉमेडियन प्रणित मोरे ने '370 की बिरयानी' वाले वीडियो को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने शनिवार को अपना वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें कहा कि वे लंबे समय से इस मुद्दे पर बात करना चाहते थे, लेकिन उनका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड था।

प्रणित ने कहा कि 370 की बिरयानी वाले वीडियो के बाद उनसे लोग काफी नफरत कर रहे थे। उन्होंने माना कि वे इसके हकदार हैं। उनके मुताबिक, शो के दौरान एक व्यक्ति ने कई आपत्तिजनक बातें कही थीं। लोग हंस रहे थे, जिससे वे भी माहौल में बह गए और सही फैसला नहीं ले पाए। बता दें कि आपत्तिजनक बातें ऑडियंस में बैठे हिमांशु जांगड़ा ने कही थीं।



प्रणित ने यह भी कहा कि वे मामले में चल रही लीगल प्रोसीडिंग में अधिकारियों का पूरा सहयोग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से उन्हें एक और मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस घटना से उन्हें सीख मिली है और वे खुद पर काम कर रहे हैं। भविष्य में उनके कंटेंट और काम में भी यह बदलाव देखने को मिलेगा। प्रणित मोरे के शो में दर्शक हिमांशु जांगड़ा ने कहा था कि उन्होंने एक महिला को करीब 370 की चिकन बिरयानी खिलाई थी और जब महिला ने उन्हें घर छोड़ने के लिए कहा, तो उन्हें अपने खर्च की भरपाई के रूप में फिजिकल इंटिमेसी की उम्मीद थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिमांशु और प्रणित की आलोचना हुई। हिमांशु गुरुग्राम की जिस डिजाइन और मार्केटिंग एजेंसी में काम करते थे, उसने इस विवाद के बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया।





> प्रणित ने माना कि वे चाहते तो उस व्यक्ति को तभी रोक सकते थे या विरोध कर सकते थे। लेकिन ऐसा न करके उन्होंने उसे एक प्लेटफॉर्म दिया, जिससे मामला और बढ़ गया। प्रणित ने कहा कि इससे जिन लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, उनसे वे माफी मांगते हैं।



# गदर के दौरान अमीषा पटेल को फोन कर रोने लगी थी महिला

## अमीषा पटेल ने बताया-पाकिस्तान से महिला ने किया था कॉल



नई दिल्ली। सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' आज सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल हो चुकी है। 15 जून 2001 में रिलीज हुई इस फिल्म को 2026 में 25 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस मौके पर अमीषा पटेल (Amisha Patel) ने फिल्म जुड़ा किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब यह मूवी रिलीज हुई थी, तो पाकिस्तान से एक महिला ने उन्हें फोन मिला दिया था।

अमीषा पटेल ने एनडीटीवी से एक्सक्लूसिव बातचीत में कहा, ₹गदर की वजह से मेरी पाकिस्तान में एक बड़ी फैनबेस है। एक बार वहां से एक महिला ने मेरी सेकेट्री को फोन मिलाया और कहा क्या अमीषा जी आपने पाकिस्तान को रुला ही दिया..सकीना ने सभी को रुला दिया।

अमीषा पटेल ने किस्सा शेयर करते हुए आगे कहा, उनके परिवा-रवालों ने मुझे फोन किया और बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम 'गदर' से इंस्पायर होकर सकीना रख दिया है।

साल 2001 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी टक्कर हुई थी। एक तरफ जहां अमीषा पटेल और सनी देओल की 'गदरः एक प्रेम कथा' रिलीज हुई तो वही दूसरी तरफ आमिर खान भी फिल्म 'लगान' के साथ मैदान में उतरे। अमीषा ने गदर को उस समय पर मिलती सफलता के बारे में बात करते हुए कहा,यह फिल्म अपने पहले दिन की रिलीज पर ही एक बड़ी हिट हो गई थी, क्योंकि ओवरऑल इंडिया में सिंगल स्क्रीन पर मूवी को 100 परसेंट की ओपनिंग मिली थी।

### 1100 गिरफ्तार, शरणार्थी सीटें खत्म करने के लिए आंदोलन, पाकिस्तानी सेना का विरोध

# पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत





PoK में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ रात में प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। (यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।)

**विवाद**

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है।

दरअसल, PoK में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे।

PoK सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है।

इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है। रावलकोट में JAAC नेता उमर नजीर कश्मीरी ने सरकार और आर्मी के खिलाफ भाषण दिया। वे पिछले हफ्ते से छिपे हुए थे। उन्होंने घाटी से सुरक्षाबल हटाने की मांग की। वहीं, PoK में नेटबंदी के बावजूद भाषण लाइव हुआ। लाइव टेलीकास्ट के लिए स्टारलिंक इस्तेमाल का शक है। PoK में हुए कत्लेआम के खिलाफ भारत के कश्मीर में पाकिस्तान विरोधी गुस्सा सड़कों पर दिखा। शुक्रवार को श्रीनगर समेत कई जगहों पर पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हुए।

#### दवा-राशन की किल्लत, लंदन-न्यूयॉर्क में विरोध

PoK में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दवाओं और खाद्य सामग्री तक की किल्लत हो रही है। बाजार बंद होने से जनजीवन ठप है। PoK संकट पर लंदन और न्यूयॉर्क तक में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध दर्ज हुआ।

#### कई नेताओं पर राजद्रोह का केस दर्ज

इससे प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ है। उनमें नाराजगी और बढ़ गई है। JAAC के सदस्य धरने की तैयारी तेज कर रहे हैं। पाकिस्तानी आर्मी और सरकार ने पुंछ, मीरपुर और मुजफ्फराबाद में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनाती के आदेश दिए हैं। इनमें रेंजर्स और फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी के जवान शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन समर्थक जेएएसी नेताओं शौकत नवाज मीर, ख्वाजा मेहरान और अन्य पर राजद्रोह के केस दर्ज किए हैं। सरकार अर्धसैनिक बलों का खौफ दिखाकर आंदोलन कुचलने की कोशिश कर रही है। सरकार ने 5 जून को JAAC पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

# एआई पर अमेरिकी सरकार का बड़ा एक्शन

### दुनिया भर के लिए बंद किया एंथ्रोपिक का अत्याधुनिक मॉडल

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा और निर्यात नियंत्रण के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) क्षेत्र में बड़ा एक्शन लिया है। अमेरिकी प्रशासन ने प्रमुख AI कंपनी 'एंथ्रोपिक' के सबसे एडवांस्ड एआई प्रोग्राम्स तक विदेशी नागरिकों, कर्मचारियों और किसी भी गैर-अमेरिकी संस्था के एक्सेस पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इस आदेश के बाद कंपनी ने तत्काल प्रभाव से अपने Fable 5 और Mythos 5 मॉडल्स की सेवाएं रोक दी है। हालांकि, कंपनी ने स्पष्ट किया है कि क्लाउड (Claude) के अन्य सभी मॉडल्स पहले की तरह काम करते रहेंगे। वहीं, ट्रंप प्रशासन के इस कदम को एक गलतफहमी बताते हुए जल्द ही सेवाएं बहाल करने की उम्मीद जताई है। अमेरिका ने निर्यात नियंत्रण के तहत एंथ्रोपिक के लिए यह नया नियम जारी किया है। नए नियम के तहत विदेशी नागरिक, कर्मचारियों और किसी भी गैर-अमेरिकी संस्था को एन्थ्रोपिक के एडवांस्ड AI प्रोग्राम तक के एक्सेस देने पर रोक लगा दी गई है।

अमेरिकी सरकार के इस फैसले पर कंपनी ने नाराजगी भी जताई है और कहा कि अमेरिकी सरकार के आदेश का सीधा असर यह है कि नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी ग्राहकों के लिए Fable 5 और Mythos 5 की सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद करनी पड़ रही हैं। फिर चाहें वह एंथ्रोपिक के विदेशी नागरिक कर्मचारी ही क्यों ना हो।

**फास्ट न्यूज**

#### अमेरिकी जज ने ट्रंप के 'एंटी वेपनाइजेशन' फंड पर अनिश्चितकाल के लिए लगाई रोक

वॉशिंगटन। अमेरिका के एक जज ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के समर्थन वाले 1.8 अरब डालर के 'एंटी वेपनाइजेशन' फंड पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। साथ ही, प्रशासन को एक हफ्ते का समय दिया है कि वे शपथ-पत्र देकर यह बताएं कि यह फंड आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

#### ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को 34 साल की जेल

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को अपहरण, टॉर्चर और रेप के अपराधों का दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को 34 साल की जेल की सजा सुनाई गई। आइलवर्थ क्राउन कोर्ट में चली सुनवाई के बाद 34 साल के गगनदीप सिंह को फरवरी में रेप के दो मामलों, गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाने, इरादतन गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने और अपहरण का दोषी पाया गया था। उसे 34 साल की सजा काटनी होगी, जिसमें 28 साल जेल में बिताने होंगे और उसके बाद कड़ी पाबंदियों के साथ छह साल की बढ़ी हुई लाइसेंस अवधि होगी।

#### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 6,438 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 6 जून को 1.54 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.57 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.43 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 14,326 रुपए कम हुई।

## 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी 1.24 करोड़ कर्मचारियों-पेंशनर्स को फायदा

### फिटमेंट फैक्टर 3 होने पर 45 हजार हो जाएगी बेसिक सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के नियम और शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस (TOR) को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब करीब 55 लाख सेवारत कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स की सैलरी, पेंशन और भत्तों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। वहीं आयोग को अपनी सिफारिशें सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। फिटमेंट फैक्टर वह गुणांक यानी मल्टीप्लायर है जिसका इस्तेमाल केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की बेसिक सैलरी को रिवाइज करने के लिए किया जाता है। नया सैलरी स्ट्रक्चर तय करने में इसकी भूमिका सबसे जरूरी होती है।

7वें वेतन आयोग में 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया गया था, जो 2016 से प्रभावी हुआ था। इसके तहत अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 15,000 थी, तो वह बढ़कर 38,550 हो गई थी।

8वें वेतन आयोग के लिए केंद्रीय कर्मचारी यूनियनों और एसोसिएशनों ने मुख्य रूप से फिटमेंट फैक्टर को बढ़ाने और न्यूनतम बेसिक पे में बड़ी बढ़ोतरी की मांग की है। कुछ यूनियनों ने फिटमेंट फैक्टर को 3 से 5 या उससे अधिक करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, पेंशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतनी बड़ी मांग वित्तीय वास्तविकताओं के अनुकूल नहीं हो सकती है।

पेंशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, आयोग न्यूनतम वेतन की गणना के तरीके में बदलाव कर सकता है। इसके लिए परिवार की उपभोग इकाइयों (कंजम्पशन यूनिट्स) को तीन से बढ़ाकर पांच किया जा सकता है और फिटमेंट फैक्टर को 2.64 करने पर विचार किया जा सकता है।

### 3 भारतीयों के मारे जाने को लेकर कहा- कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाना ठीक नहीं

# अमेरिकी विदेश मंत्री को फोन कर विरोध जताया : जयशंकर

**तेल अवीव, एजेंसी**




भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात कर खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। इस कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने रुबियो से कहा है कि कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने वाली ऐसी घातक कार्रवाई किसी भी तरह से उचित नहीं है।

इस सप्ताह ओमान तट के पास भारतीय क्रू मेंबर वाले तीन जहाज हमले का शिकार हुए थे। इनमें से एक हमले में 10 जून को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी। इस मामले पर भारत ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर औपचारिक विरोध भी दर्ज कराया है। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की चर्चा के बीच एक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें दावा किया गया है कि ईरान ने अपने इस्फहान परमाणु केंद्र में रखे हाइली एनरिच्ड यूरेनियम के स्टॉक को और सुरक्षित कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने यूरेनियम तक पहुंचने वाली कई सुरंगों को जानबूझकर गिरा दिया है। इसके अलावा अंदर जाने वाले रास्तों पर विस्फोटक माइंस भी बिछा दी गई हैं। CNN ने अमेरिकी खुफिया जानकारी से परिचित पांच सूत्रों के हवाले से कहा है कि ईरान ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि अमेरिका किसी जमीनी अभियान के जरिए वहां पहुंचकर यूरेनियम का भंडार अपने कब्जे में न ले सके।

**ईरान बोला- समझौते की शर्तों को लेकर अटकलें न लगाएं: विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि दोनों देश डील के पहले से कहीं ज्यादा करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने मीडिया से समझौते की शर्तों को लेकर कयास लगाने से बचने की अपील की।**

#### ईरान बोला- अब होर्मुज पहले की तरह नहीं चलेगा

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर जल्द ही ईरान और ओमान एक संयुक्त बयान जारी करेंगे।

अराघची के मुताबिक, अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते के बाद होर्मुज स्ट्रेट पहले की तरह नहीं चलेगा। यहां जहाजों की आवाजाही के लिए नए नियम लागू किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ईरान जहाजों से टोल टैक्स नहीं वसूलेगा, लेकिन कुछ सेवाओं के बदले चार्ज लिया जा सकता है।

अराघची का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौता अंतिम चरण में बताया जा रहा है।

#### होर्मुज स्ट्रेट पर नया कानून ला सकता है ईरान

ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर एक नया विधेयक तैयार किया जा रहा है। इसमें इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों के नियम और ईरानी जनता के अधिकारों से जुड़े प्रावधान शामिल होंगे। अजीजी ने कहा कि अगर संसद इसे मंजूरी देती है, तो यह एक व्यापक और स्थायी कानून बन जाएगा। उन्होंने इस पहल की तुलना ईरान के तेल उद्योग के राष्ट्रीयकरण से करते हुए कहा कि यह भी एक ऐतिहासिक और लंबे समय तक असर डालने वाला कदम साबित हो सकता है।

### 2 टुकड़ों में टूटा, सीट बेल्ट ने बचाई कॉकपिट में फंसे पायलटों की जान

# जमीन पर गिरकर चरखी जैसा घूमता रहा हेलिकॉप्टर



**दोनों पायलटों की जान सीट बेल्ट की वजह से बच गई। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना चीन के वुजिन शहर में गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई।**



**वुजिन, एजेंसी**

चीन में हेलिकॉप्टर क्रैश का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक हेलिकॉप्टर खेत में क्रैश होकर दो हिस्से में टूट गया, इसके बावजूद उसके रोटर ब्लेड तेज रफ्तार में काफी देर तक घूमते रहे। कॉकपिट के अंदर फंसे पायलट और उसका साथी इधर-उधर झटके खाते रहे। एक पायलट तो हेलिकॉप्टर के दरवाजे से आधा बाहर लटका हुआ था। वह कई बार जमीन और हेलिकॉप्टर के किनारे से टकराया। पास की सड़क पर मौजूद लोग यह सब देखकर इकट्ठा हो गए, लेकिन हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड लगातार घूम रहे थे, इसलिए कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ सका। यह घटना चीन में हाल के कुछ साल में सामने आई कई विमान दुर्घटनाओं की कड़ी में एक और मामला है। पिछले साल एक मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तांग फेइजी की लाइवस्ट्रीम के दौरान मौत हो गई थी। उनका अल्ट्रालाइट विमान अचानक आसमान से नीचे गिर गया था। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। रिपोर्टों के मुताबिक उस समय उन्होंने न तो हेलमेट पहना था और न ही पैराशूट। तांग फेइजी इससे पहले भी तकनीकी खराबी के कारण दो विमान हादसों से बच चुके थे, जिनमें एक दुर्घटना ईंधन मापने वाले उपकरण में खराबी की वजह से हुई थी।

#### एक डिस्चार्ज हुआ दूसरा अब भी अस्पताल में भर्ती

हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक व्यक्ति को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि दूसरा अभी डॉक्टरों की निगरानी में है। राहत की बात यह है कि किसी की भी हालत जानलेवा नहीं बताई गई है। हेलिकॉप्टर हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# पाकिस्तान में पेट्रोल 4 और डीजल 2 रुपया सस्ता हुआ

### पेट्रोल 373.78 और हाई-स्पीड डीजल 378.78 रुपया लीटर हुआ

**इस्लामाबाद, एजेंसी**




पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 4 रुपया और हाई स्पीड डीजल (HSD) के दाम में 2 रुपया की कटौती की है। इससे यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 373.78 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) और डीजल की कीमत 378.78 रुपया प्रति लीटर पर आ गई हैं। नई कीमतें आज यानी 13 जून से लागू हो गई हैं।

पांच हफ्तों में पेट्रोल की कीमत कुल मिलाकर 41 रुपया प्रति लीटर कम हो चुकी है। इससे पहले यानी पिछले हफ्ते भी सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 4 रुपया प्रति लीटर की कटौती की थी, हालांकि उस समय हाई-स्पीड डीजल (HSD) के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया था और वह 380.78 रुपया पर स्थिर था। पाकिस्तान सरकार पेट्रोल पर कुल 125 रुपया प्रति लीटर का टैक्स वसूल रही है। इस टैक्स में पेट्रोलियम लेवी, कस्टम ड्यूटी और क्लाइमेट लेवी जैसी चीजें शामिल हैं। वहीं अगर हाई-स्पीड डीजल (HSD) की बात करें तो इस पर सरकार प्रति लीटर करीब 100 रुपया का टैक्स लगा रही है। इसमें कस्टम ड्यूटी, पेट्रोलियम लेवी और क्लाइमेट सपोर्ट लेवी के साथ-साथ इनलैंड फ्रेड इक्वलाइजेशन म ाजि ्न (IFEM) भी शामिल है।

प ाकिस्त ान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को प ेट्रोलिय म कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है।

### हमला : 10 घायल ■ पुलिस ने रोबोट की मदद से हमलावर को मार गिराया

# अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी, 1 की मौत



**घटना के बाद एफबीआई की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच में स्थानीय पुलिस की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोलीबारी के दौरान कम से कम 40 राउंड फायरिंग की आवाजें सुनी गईं। पुलिस ने बख्तरबंद वाहन और रोबोट भी तैनात किए।**

**टेक्सास, एजेंसी**




अमेरिका के टेक्सास राज्य के मिडलैंड शहर में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध हमलावर की पहचान 45 वर्षीय विक्टर माता वियारियल के रूप में हुई है, जो ओडेसा का रहने वाला था। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8 बजे एक औद्योगिक इलाके से गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद संदिग्ध और पुलिस के बीच करीब दो घंटे तक आमना-सामना चलता रहा। बाद में अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की मौत हो गई है।

करीब 1.4 लाख आबादी वाला मिडलैंड शहर टेक्सास के तेल उत्पादन क्षेत्र के बीच स्थित है। यह इलाका 2019 की उस बड़ी गोलीबारी के लिए भी जाना जाता है, जिसमें एक हमलावर ने सात लोगों की हत्या कर दी थी और दो दर्जन से ज्यादा लोगों को घायल कर दिया था। गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, 2026 में अब तक अमेरिका में 180 से ज्यादा सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं हो चुकी हैं। संस्था किसी भी ऐसी घटना को सामूहिक गोलीबारी मानती है जिसमें चार या उससे अधिक लोग गोली का शिकार हों। अमेरिका में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के कारण हथियार नियंत्रण कानूनों को सख्त करने की मांग भी उठती रही है।

#### हमलावर ने पुलिस का पीछा कर गोलियां चलाई थीं

पुलिस के अनुसार वियारियल पहले से वांछित था। उस पर दो दिन पहले एक वाहन पीछा करने की घटना के दौरान मिडलैंड पुलिस अधिकारी पर कई गोलियां चलाने का आरोप था और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था।

घायलों को मिडलैंड मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सुरक्षा कारणों से इमरजेंसी विभाग को लॉकडाउन कर दिया गया। अस्पताल ने बताया कि चार घायलों की सर्जरी की गई, जबकि पांच अन्य की हालत स्थिर है। बाद में पांच लोगों को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

#### अमेरिका में इस साल 180 से ज्यादा मास शूटिंग के मामले

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि यह एक निरर्थक हिंसक घटना है। उन्होंने पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# पानी को तरसा पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा

### सिंध और बलूचिस्तान में भारी किल्लत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



तंक को खाद पानी देने वाला पाकिस्तान इन दिनों खेतों में पानी देने के लिए तरस रहा है। भारत के सिंधु जल समझौते को रोक देने के बाद सिंध और बलूचिस्तान में पानी की भारी कमी से खेती वाले इलाकों में आर्थिक तबाही का डर पैदा हो गया है। पाकिस्तान के प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली द्वारा दशकों पुरानी संधि को रोक दिए जाने के कुछ महीनों बाद पाकिस्तान पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह संकट अब सिंध और बलूचिस्तान के कुछ हिस्सों में खेती, लोगों की आजीविका और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरा बन गया है।

पानी की कमी का सबसे ज्यादा असर सिंध पर पड़ा है, जहां पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची स्थित है। यहां राजनेता, किसान और जल विशेषज्ञ पानी की घटती सप्लाई और असमान वितरण को लेकर लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं। सिंध और बलूचिस्तान में पानी की भारी कमी के कारण यह संकट पाकिस्तान की लगभग एक-तिहाई आबादी को प्रभावित कर रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत का रुख सख्त रहा है। हमले पर भारत की प्रतिक्रिया ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई से कहीं आगे तक गई। नई दिल्ली के सबसे अहम कूटनीतिक कदमों में से एक था सिंधु जल संधि को कुछ समय के लिए रोक देना।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**